सोमवार, 5 अगस्त 2024

**मौसम**

तापमान 33 – 27
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 5:10 सूर्यास्त: 18:16

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : समय और समझ एक साथ खुशकिस्मत लोगों को मिलते हैं।



सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य, कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे –पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध : योगी (पृष्ठ 6 पर)

पश्चिम और मध्य भारत में भारी बारिश, जम्मू-कश्मीर में बादल फटने के बाद श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंदे (पृष्ठ 7 पर)

# पेरिस ओलंपिक : भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

## शूट आउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4–2 से मात दी

### 43 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेली टीम इंडिया



**पेरिस:** भारतीय हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई। चार क्वार्टर की समाप्ति के बाद दोनों टीमों का स्कोर 1–1 से बराबर चल रहा था। दोनों ही टीमों ने निर्धारित समय तक बढ़त लेने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सकीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमे भारत ने 4–2 से ब्रिटेन को मात दी।

भारत इस मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था क्योंकि दूसरे ही क्वार्टर में अमित रोहिदास को रेड कार्ड दे दिया गया था जिस कारण वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। हालांकि, भारतीय टीम ने हार नहीं मानी और अंत तक ब्रिटेन को कड़ी टक्कर दी। भारतीय टीम ने इस तरह पदक के लिए एक और कदम बढ़ा दिया है। अगर भारत सेमीफाइनल में जीत हासिल करने में सफल रहा तो कम से कम रजत पदक पक्का कर लेगा। भारत का सेमीफाइनल मुकाबला छह अगस्त यानी मंगलवार को खेला जाएगा।

# वक्फ बोर्ड के अधिकारों पर लगाम लगाने की तैयारी, पेश हो सकता है बिल

**नयी दिल्ली :** वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन होगा। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम में करीब 40 संशोधनों को मंजूरी दे दी है। वक्फ अधिनियम में संशोधन करने वाला विधेयक इसी हफ्ते संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक मोदी सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन बिल 5 अगस्त को संसद में पेश कर सकती है। संसद में इस बिल के पास होने के बाद वक्फ बोर्ड के अधिकारों में कटौती होगी। वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित करने से परहेज करेंगे। 2013 में केंद्र की यूपीए सरकार ने वक्फ कानून में संशोधन लाकर वक्फ बोर्डों को अधिक ताकत दिया था। इस बिल पर संसद के अंदर और बाहर विरोध होना तय माना जा रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मोदी सरकार के बिल में क्या-क्या होगा?

### मोदी सरकार के बिल में क्या-क्या?

1.मोदी सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रमुख संशोधनों में वक्फ बोर्डों का पुनर्गठन, बोर्डों की संरचना में बदलाव और बोर्ड द्वारा वक्फ की संपत्ति घोषित करने से पहले उसका सत्यापन सुनिश्चित करना शामिल है।

2.विधेयक में सेंट्र वक्फ काउंसिल और स्टेट वक्फ बोर्डों की संरचना को बदलने के लिए वक्फ एक्ट की धारा 9 और धारा 14 में संशोधन करने का प्रस्ताव है, ताकि निकायों में महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

3.मोदी सरकार के विधेयक में स्टेट वक्फ बोर्डों द्वारा दावा की गई विवादित जमीन के नए सत्यापन की मांग करने का भी प्रस्ताव है।

4.विधेयक में वक्फ बोर्डों द्वारा जिस संपत्तियों पर दावा किया जाएगा, उसको अनिवार्य रूप से सत्यापित किया जाएगा।

### 28 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 30 वक्फ बोर्ड

पिछले साल मई में दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि केंद्र सरकार उन 123 संपत्तियों का फिजिकल इंसपेक्शन कर सकती है, जिनके कब्जे का दावा दिल्ली वक्फ बोर्ड कर रहा है। इसके बाद पिछले साल अगस्त में केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इन सभी संपत्तियों को नोटिस भी जारी किया। इस समय देश भर में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 वक्फ बोर्ड हैं।

### वक्फ बोर्ड की ताकत को कम करेगी सरकार

मोदी सरकार इस बिल के जरिए वक्फ बोर्डों के उस अधिकार पर लगाम लगाना चाहती है, जिसके तहत वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर देते हैं। बिल में वक्फ बोर्ड की ताकत को कम करने की बात कही गई है। सरकार वक्फ बोर्ड के दावे का सत्यापन करने पर विचार कर रही है। उन संपत्तियों का भी सत्यापन किया जा सकता है, जिन्हें लेकर बोर्ड और मालिकों के बीच विवाद है।

### 1954 में वक्फ अधिनियम पारित किया गया था

देशभर में वक्फ बोर्ड के पास 8.7 लाख से ज्यादा संपत्तियां हैं, जो 9.4 लाख एकड़ में फैली हैं। साल 1954 में वक्फ अधिनियम पारित किया गया। 1995 में वक्फ कानून में संशोधन करते हुए वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दी गई थी। इसके मुताबिक वक्फ बोर्ड अगर किसी संपत्ति पर अपना दावा कर दे, तो उसे उसकी संपत्ति माना जाएगा। इसके बाद से इसमें कई बार संशोधन हुआ।

### वक्फ बोर्ड की शक्तियों पर नियंत्रण लगाने का केंद्र का प्रस्ताव धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ: ओवैसी

केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड की शक्तियों को सीमित करने के लिए विधेयक पेश किए जाने के संबंध में खबरों के बीच एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शुरू से ही वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ रही है और उसने अपने हिंदुत्व एजेंडे के तहत वक्फ संपत्तियों तथा वक्फ बोर्ड को खत्म करने का प्रयास शुरू किया है।

## जीआरपी और आरपीएफ को ड्यूटी के दौरान ट्रेन यात्रा के लिए वैध अनुमति या टिकट लेना होगा : अधिकरण


**अहमदाबाद :** रेलवे दावा अधिकरण ने कहा है कि जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों को ट्रेन यात्रा के लिए वैध अनुमति प्राप्त करनी होगी या टिकट खरीदना होगा और केवल पहचान पत्र ले जाना पर्याप्त नहीं है। अधिकरण ने एक कांस्टेबल द्वारा दायर मुआवजे की याचिका को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसने दावा किया था कि ट्रेन से गिरने के समय वह आधिकारिक ड्यूटी पर था। अधिकरण की अहमदाबाद पीठ ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों को ड्यूटी कार्ड पास जारी करने के परिपत्र के संबंध में ''रेलवे के ला-परवाह रवैये'' को भी रेखांकित किया, जिन्हें अक्सर यात्रा करनी पड़ती है। जीआरपी कांस्टेबल राजेश बगुल ने अधिकरण में याचिका दायर कर रेलवे से ब्याज के साथ आठ लाख रुपए का मुआवजा मांगा था और दावा किया था कि दुर्घटना के दिन वह ड्यूटी पर थे। उनकी याचिका के अनुसार, बगुल 13 नवंबर, 2019 को आधिकारिक ड्यूटी के लिए सूरत रेलवे पुलिस थाने गए थे। वह सूरत-जामनगर इंटरसिटी ट्रेन से सूरत से भरूच लौट रहे थे और इसी दौरान वह पालेज स्टेशन पर गिर गए, जिससे उनके बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं और पैर का एक हिस्सा काटना पड़ा। अधिकरण के सदस्य (न्यायिक) विनय गोयल ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि बगुल अपने आधिकारिक यात्रा दावों को साबित करने के लिए कोई वैध यात्रा अनुमति प्रस्तुत करने में असफल रहे हैं। पीठ ने कहा कि वैध यात्रा अनुमति के अभाव में आवेदक को वास्तविक यात्री नहीं माना जा सकता है। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे को जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) अधिकारियों को वैध यात्रा अनुमति देने के संबंध में जारी परिपत्र का पालन करना चाहिए।

# तीन नए आपराधिक कानून 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार: शाह



**चंडीगढ़ :** गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों को रविवार को 21वीं सदी का ''सबसे बड़ा'' सुधार करार दिया और कहा कि इनका उद्देश्य लोगों को न्याय दिलाना है। उन्होंने यह भी कहा कि इन कानूनों-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत के पास दुनिया की सबसे आधुनिक और प्रौद्योगिकी से सुसज्जित आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। शाह यहां आपराधिक न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-समन प्रणालियों का शुभारंभ करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। एक जुलाई को प्रभावी हुए बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। शाह ने कहा कि चंडीगढ़ देश की पहली प्रशासनिक इकाई होगी, जहां अगले दो माह में तीनों कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली को संचालित करने वाले ये नये कानून 21वीं सदी का ''सबसे बड़ा'' सुधार है। उन्होंने कहा, ''जब ये कानून पूरी तरह से लागू हो जाएंगे तब प्रौद्योगिकीय रूप से हम दुनिया में सबसे आगे होंगे...संविधान की भावना के अनुरूप, ये नागरिक-केंद्रित कानून बनाए गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए, संसद में चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा भारत की जनता के लिए बनाए गए कानून हैं। इसमें भारत की मिट्टी की खुशबू है और हमारे न्याय की संस्कृति भी है।''

## व्यक्तिगत तौर पर ममता बनर्जी के साथ अच्छे संबंध, नेता के तौर पर बनर्जी मुझे पसंद नहीं : राज्यपाल



**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सम्मान करते हैं और उनके साथ उनके पेशेवर संबंध हैं, लेकिन ''राजनेता ममता बनर्जी'' उन्हें पसंद नहीं हैं। 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने अपने मतभेदों के बारे में खुलकर बात की। राज्यपाल का ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ अक्सर टकराव रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ अपने संबंधों के बारे में पूछे जाने पर बोस ने कहा, ''कौन सी ममता बनर्जी। मेरे सामने तीन ममता बनर्जी हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक ममता बनर्जी हैं, जिनसे मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरी हैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जिनसे मेरे पेशेवर संबंध हैं। तीसरी हैं राजनेता ममता बनर्जी, जो मुझे पसंद नहीं हैं।'' बोस ने कहा, ''अन्यथा, ममता बनर्जी मेरी मित्र हैं। मुख्यमंत्री मेरी सहकर्मी हैं और मैं कोई राजनेता नहीं हूं। राजनेता अपने तरीके से कुछ भूमिकाएं निभाते हैं। मैं इन्हें अपने आत्मसम्मान में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दूंगा।'' राज्यपाल द्वारा आठ विधेयकों को कथित रूप से मंजूरी न देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार का उच्चतम न्यायालय का रुख करने से जुड़े सवाल पर बोस ने कहा कि उनके कार्यालय में कोई भी विधेयक लंबित नहीं है।

## मध्यप्रदेश के सागर में मकान की दीवार ढही, नौ बच्चों की मौत



**सागर :** मध्यप्रदेश के सागर जिले में रविवार को एक जर्जर मकान की दीवार ढह जाने से नौ बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक मंदिर परिसर के पास एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सुबह साढ़े आठ और नौ बजे के बीच हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य निगम अधिकारी और उप अभियंता को निलंबित कर दिया है। उन्होंने राज्य भर के नगर निकायों को जर्जर भवनों की पहचान करने और कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया कि शाहपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हो गए। रावत ने कहा कि जिला अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## सिर्फ साढ़े 700 संस्थान में हैं अंग प्रत्यारोपण सेवाएं, यह संख्या बढ़ाने की जरूरत

**नयी दिल्ली :** पूरे देश में इस वक्त सिर्फ साढ़े 700 संस्थान ऐसे हैं, जहां पर अंग प्रत्यारोपण सेवाएं होती हैं। क्योंकि पूरे देश में अंगों की मांग और आपूर्ति के बीच में बड़ा अंतर है। ज्यादा से ज्यादा संस्थाओं को ऐसी सेवाएं देने के लिए आगे भी आना चाहिए। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदान के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी करना चाहिए। यह बात नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वीके पाल ने कही। डॉक्टर पाल भारतीय अंगदान दिवस के दौरान एक समारोह में में मौजूद थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और देश के कई नामी चिकित्सकों समेत अंगदान करने वाले परिवारों के सदस्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद डॉ विनोद कुमार पाल ने कहा कि देश के अंदर लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता तो बड़ी है। अभी भी पूरे देश में अंगों की मांग और आपूर्ति के बीच में अंतर है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस दिशा में आगे आना चाहिए। इसके अलावा देश के चिकित्सा संस्थानों को भी अंग प्रत्यारोपण की सेवाओं को देने के लिए आगे आने को कहा। इस वक्त पूरे देश में साढ़े सात सौ चिकित्सा संस्थान ऐसे हैं, जो इस दिशा में कार्यरत हैं, यह संख्या भी बढ़नी चाहिए। डॉक्टर पाल बताते हैं कि एक ब्रेन डेड से आठ लोगों को नया जीवन मिलता है। इसलिए अंगदान को बढ़ावा देने की बेहद आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में अंगदान करने वाले मृतकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनकी सराहना की। अनुप्रिया पटेल ने कहा की ऐसे परिवार समाज के लिए एक मिसाल हैं जो लोगों की जिंदगी को रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति और संस्थाओं के प्रयासों से ही भारत अंगदान और प्रत्यारोपण की दुनिया में सबसे आगे हो सकता है। इसलिए मृत्यु के बाद अंगदान के संकल्प के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया के विकसित देशों की श्रेणी में आने वाले अमेरिका चीन समेत स्पेन जैसे बड़े देश अंगदान में बहुत आगे हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी ठगी: ईडी ने लेह एवं अन्य स्थानों से एक करोड़ नकद जब्त किया

**नयी दिल्ली :** लद्दाख एवं अन्य कुछ स्थानों पर लोगों को ठगने वाली एक 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी के संचालकों के विरूद्ध छापेमारी में एक करोड़ रुपये नकद एवं 'अभियोजनयोग्य' सामग्री जब्त की गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में दो अगस्त को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह तलाशी की गयी। अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब ईडी ने लद्दाख में तलाशी ली है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जांच लेह एवं अन्य स्थानों के लोगों को धोखा देने के मामले से जुड़ी है। इन लोगों को 'एमोलिएंट क्वाइन' नामक नकली क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने पर महज 10 महीने में उनका पैसा दोगुना हो जाने का आश्वासन दिया गया था। ईडी के अनुसार सोनीपत का नरेश गुलिया 'एमोलिएंट क्वाइन लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा दे रहा था। इस कंपनी की सितंबर 2017 में ब्रिटेन में स्थापना की गयी थी।

### शीर्ष सैन्य अधिकारी सोमवार को करेंगे बैठक, सशस्त्र बलों में वित्तीय योजना में तालमेल पर करेंगे चर्चा

**नयी दिल्ली :** सेना के तीनों अंगों का एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय योजना के क्षेत्र में सशस्त्र बलों के बीच व्यापक तालमेल लाने के मुद्दे पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के सोमवार को विस्तृत चर्चा करने की संभावना है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि जनरल चौहान थलसेना, नौसेना और वायुसेना में वित्तीय योजनाओं पर एक शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान योजनाओं के बारे में विस्तार से बताने वाले हैं। वित्तीय योजना पर सशस्त्र बलों में तालमेल सुनिश्चित करने पर चर्चा थियेटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बीच हो रही है। 'थियेटराइजेशन' मॉडल के तहत सरकार थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को समन्वित करेगी तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करेगी।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी समर्थकों के बीच झड़प में 91 लोगों की मौत



**ढाका :** बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ आवामी लीग के समर्थकों के बीच रविवार को भीषण झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 91 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। इसके चलते अधिकारियों ने मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी और अनिश्चितकाल के लिए पूरे देश में कर्फ्यू लागू कर दिया। सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर हुए बवाल को लेकर सरकार के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी रविवार को, स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले आयोजित 'असहयोग कार्यक्रम' में भाग लेने पहुंचे। अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया तथा फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। 'प्रोथोम अलो' अखबार ने अपनी खबर में बताया कि 'असहयोग' आंदोलन को लेकर देशभर में हुई झड़पों, गोलीबारी और जवाबी हमलों में कम से कम 91 लोगों की जान चली गई। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, देशभर में 14 पुलिसकर्मियों के मारे जाने की खबर है जिनमें से 13 सिराजगंज के इनायतपुर थाने के थे। अखबार के अनुसार, कोमिला के इलियटगंज में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इसके अलावा 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज के विरोध प्रदर्शन में अज्ञात लोग और दक्षिणपंथी इस्लामी शासन तंत्र आंदोलन के कार्यकर्ता शामिल हो गए, जिन्होंने कई प्रमुख राजमार्गों और राजधानी की अंदरूनी सड़कों पर अवरोधक लगा दिए। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के आवासों पर हमला किया तथा कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। सरकारी एजेंसियों ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक', 'मैसेंजर', 'व्हॉट्सऐप' और 'इंस्टाग्राम' को बंद करने का आदेश दिया है।



## प्रदर्शन हो आर्थिक पुरस्कार का मानक

इसमें दो राय नहीं कि खेलों के विकास के लिये वर्ष 2016-17 में केंद्र सरकार द्वारा लायी गई योजना 'खेलो इंडिया' खेलों के विकास की दृष्टि से एक अभिनव योजना थी। जिसका मकसद था कि देश भर में खेलों में सामूहिक भागीदारी बढ़ाने के साथ खेलों की उत्कृष्टता को भी संबल मिले। जिसके मूल में मकसद यह भी था कि देश में खेलों के बुनियादी ढांचे के निर्माण व उन्नयन में मदद मिले। जिसको लेकर केंद्र सरकार का दावा था कि यह योजना खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में उच्चस्तरीय प्रदर्शन के लिये प्रेरित करेगी। निश्चित रूप से देश के कई राज्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के मामले में दूसरे राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर भी रहे हैं। लेकिन इस योजना की सफलता तभी तार्किक हो पाएगी जब आर्थिक सहायता खिलाड़ियों के प्रदर्शन और सफलता के आधार पर तय होगी। जैसे कि देश में विभिन्न उद्योगों में स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित करने के लिये उद्योगों की सफलता का मानक उत्पादन का स्तर तथा गुणवत्ता होती है। कमोबेश खेलों में भी स्वस्थ स्पर्धा को बढ़ाने के लिये इस तर्ज पर आर्थिक सहायता दिये जाने की उम्मीद की जाती रही है। कहने का अभिप्राय यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया ही जाना चाहिए। फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी वर्षों के अभ्यास व कड़ी मेहनत के बाद पेरिस ओलंपिक में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसी बीच केंद्र की खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिये राज्यों को आवंटित धन को लेकर एक अप्रिय विवाद खड़ा हो गया है। निश्चित रूप से यह अप्रिय विवाद उठने का समय असंगत है। निश्चित रूप से पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिये संघर्ष कर रहे खिलाड़ियों के मनोबल पर इसका धनात्मक प्रभाव तो नजर नहीं ही आएगा।

दरअसल, कांग्रेसी नेतृत्व वाले मुखर विपक्ष और कुछ खेल पंडितों का आरोप है कि राज्यों को आर्थिक राशि वितरण में भेदभाव किया गया है। आरोप है कि केंद्र ने हरियाणा-पंजाब जैसे राज्यों के साथ भेदभाव किया है। दलील है कि पेरिस ओलंपिक में भाग लेने गये भारतीय खिलाड़ियों के दल में संख्या के हिसाब से पांचवां हिस्सा हरियाणा से है। लेकिन राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं मे धूम मचाने वाले हरियाणा के हिस्से में खेलो इंडिया योजना के तहत महज 66.6 करोड़ रुपये ही आए हैं। वहीं दूसरी ओर गुजरात, जिसके चुनिंदा खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में खेलने गए हैं, उसे खेलो इंडिया योजना के तहत 426 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। उत्तर प्रदेश को भी योजना के तहत 438 करोड़ रुपये मिले। विपक्षी दलों का कहना है कि उत्तर प्रदेश से सिर्फ छह ही एथलीट ओलंपिक में भाग लेने गए हैं। वहीं पुरुष हॉकी में दबदबा रखने वाले पंजाब के हिस्से में खेलों के संरचनात्मक विकास के लिये सिर्फ 78 करोड़ रुपये ही आए हैं। विपक्षी दल के राजनेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत धन आवंटन के लिये किन मापदंडों का पालन किया गया, उसे सार्वजनिक करने की जरूरत है। निस्संदेह, देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले उ.प्र. जैसे राज्य के लिये अधिक आर्थिक सहायता तार्किक हो सकती है। लेकिन केंद्र सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इस राशि के आवंटन में क्या भौगोलिक क्षेत्र धनराशि बांटने का आधार रहा या जनसंख्या का आकार? यदि कोई अन्य वजह है तो उसका स्पष्टीकरण किया ही जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी स्थिति में हर तरह की विसंगति को दूर करने के लिये इस योजना की गहन समीक्षा की जरूरत महसूस की जा रही है। सतर्कता की जरूरत है कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या लालफीताशाही किसी भी हालत में खेलों इंडिया की पवित्र भावना के साथ खिलवाड़ न कर सके। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि विभिन्न राज्यों को इस योजना के तहत मिले धन के उपयोग की भी सतर्क निगरानी की जाए। जिससे खेलों के अनुकूल वातावरण बनाने में मदद मिल सके।

# यूपी के माननीय क्यों नहीं चाहते हैं अंग्रेजों के बनाये नजूल भूमि कानून में बदलाव



अजय कुमार

देश का कोई भी हिस्सा या राज्य हो वहां पड़ी नजूल की जमीन की स्थिति ठीक वैसी ही होती है जैसे किसी एक बच्चे के कई बाप का होना। नजूल की जमीन(सरल शब्दों में सरकारी जमीन) को सब अपनी बपौती समझते हैं। गरीब जनता की तो इतनी हिम्मत नहीं होती है कि वह सरकारी जमीन पर कब्जा कर सके,लेकिन ताकतवर लोगों जिसमें नेताओं से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी और बिल्डर आदि शामिल होते हैं, के लिये यह जमीन सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित होती है। नजूल की जमीन पर कब्जा करने का सबसे आसान तरीका है उसे लीज पर हासिल कर लेना ,क्योंकि जमीन का कोई मालिक नहीं होता है इसलिये सरकारी कुर्सी पर बैठे अधिकारी और बाबू ही इसके 'मालिक' बन जाते हैं।वह सेटिंग के सहारे नजूल की जमीन का 'सौदा' कर देते हैं। इसी लिये जब नजूल भूमि कानून विधान सभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिये विधान परिषद पहुंचा तो वहां करीब-करीब सभी दलों के माननीयों ने एकजुट होकर इसे 'ठंडे बस्ते' में डाल दिया। यानी माननीय नहीं चाहते हैं कि नजूल जमीन के लिये कोई ऐसा नया कानून बनें जिसके चलते नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल बंद हो जाये।इस कानून को लेकर सत्ता पक्ष में मनमुटाव की खबरें आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो योगी सरकार को चुनौती तक दे दी वह नजूल जमीन पर नया कानून बना ही नहीं सकते हैं। वैसे विरोध समाजवादी पार्टी की तरफ से भी कम नहीं हुआ था।

दरअसल, 31 जुलाई को यूपी विधानसभा में भारी हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 पारित किया गया था। इसके बाद जब पहली अगस्त को यह विधेयक विधान परिषद में आया तो इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया। सबसे खास बात यह रही कि इस विधेयक का समाजवादी पार्टी के नेताओं के अलावा भाजपा के कई नेताओं ने विरोध किया है। वहीं एनडीए में भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी ने इससे असहमति जताई है। विधेयक के अनुसार, कानून लागू होने के बाद किसी भी नजूल भूमि को किसी निजी व्यक्ति या निजी संस्था के पक्ष में पूरा मालिकाना हक हस्तांतरित करने पर रोक लग जाती। इसके बजाय, नजूल भूमि का इस्तेमाल सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता। विधेयक में प्रस्ताव किया गया था कि नजूल भूमि को निजी व्यक्तियों या संस्थाओं को हस्तांतरित करने के लिए कोई भी अदालती कार्यवाही या आवेदन रद्द कर दिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये भूमि सरकारी नियंत्रण में रहे।कुल मिलाकर विधेयक का उद्देश्य नजूल भूमि प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और अनधिकृत निजीकरण को रोकना बताया गया है।

बता दें उत्तर प्रदेश में लम्बे समय से नजूल की बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल चल रहा है। लगभग दो लाख करोड़ रुपये की इन सरकारी जमीनों को सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराने की जद्दोजहद की जा रही है। इन जमीनों को निजी हाथों में जाने से बचाने के लिए लाया गया योगी सरकार का उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति-2024 विधेयक विधान परिषद में अटक गया,तो इससे कई ताकतवर लोगों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब हो उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार हेक्टेयर जमीन नजूल की है,जिसमें से कम से कम चार हजार एकड़ जमीन फ्री होल्ड कराई जा चुकी है और अब नजूल जमीनों के मालिकाना हक को लेकर 312 केस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं। करीब 2500 केस पाइप लाइन में हैं। इनसे जुड़ी जमीनों की कीमत लगभग दो लाख करोड़ रुपये है। ये जमीनें सबसे ज्यादा प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी आदि में हैं। नजूल की जमीनों को फ्री होल्ड कराने का केंद्र प्रयागराज है। यहां लगभग पूरा सिविल लाइंस नजूल की जमीन पर है। एक-एक बंगला 100 से 250 करोड़ रुपये का है।इसी के चलते प्रयागराज निवासी और डिप्टी सीएम चाहते थे कि यह कानून पास हो जाये,लेकिन उन्हीं की पार्टी वालों ने इसका पलीता लगा दिया।

नजूल की जमीन के लिये कैसे खेल होता है,उसकी पूरी बानगी समझने के लिये बता दें कि किसी नजूल जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 50 करोड़ रुपये है तो इस जमीन का बाजार भाव 100 करोड़ होगा। लेकिन मौजूदा नजूल जमीन कानून के तहत इसे सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराया जा रहा है। यानि वह व्यक्ति केवल पांच करोड़ रुपये में 100 करोड़ रुपये की जमीन का मालिक बन जाता है। जबकि खास बात यह है कि नजूल एक्ट में फ्री होल्ड का प्रावधान ही नहीं है, लेकिन अब तक कम से कम 25 फीसदी नजूल की जमीन को इस तरीके से फ्री होल्ड कराया जा चुका है।

नजूल की जमीन है क्या, यह इस तरह से समझा जा सकता है आजादी से पहले अंग्रेजी हुकूमत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और लगान चुका पाने में विफल लोगों की जमीनों को छीन लिया था। इसके बाद 1895 में गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट के तहत ये जमीनें मामूली किराये पर अंग्रेजों ने लीज पर दे दीं। इनकी लीज अवधि 90 वर्ष तक थी। लीज पर दी गई इन जमीनों पर सरकार का मालिकाना हक कभी खत्म नहीं होता था।

ऐसी जमीनों को फ्री होल्ड से रोकने के लिए प्रदेश सरकार नजूल एक्ट लाई है। सरकार इस एक्ट के जरिए नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने के खेल पर रोक लगाना चाहती है। प्रस्तावित एक्ट के मुताबिक नजूल की जमीनों पर जो लोग रह रहे हैं, उन्हें नहीं छेड़ा जाना था तो वहीं गरीब और कमजोर लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की भी बात कही गई थी। यानी उन्हें हटाया भी नहीं जाएगा। केवल बची जगह पर पार्किंग, पार्क, सरकारी संस्थान, सरकारी शिक्षण संस्थान, पीएम आवास योजना या अन्य सार्वजनिक उपयोग में लाने का प्रावधान किया गया था। वहीं नजूल जमीन पर बसे बाजारों को बेहतर बनाने का प्रावधान था। नजूल एक्ट को देश के शीर्ष कानूनी विशेषज्ञों की राय से तैयार किया गया है। खैर, यह समझ लेना भी जरूरी है कि नजूल की जमीन को लेकर स्वतंत्र भारत के आज तक कोई नजूल एक्ट वजूद में ही नहीं था। मानसून सत्र में पहली बार यूपी में नजूल की जमीनों को लेकर विधेयक लाया गया। 1895 में ब्रिटिश सरकार गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट लाई थी, जिसके तहत जमीन लीज पर देने का प्रावधान किया गया था।

उस समय शहरों की तुलना में कृषि जमीनों की कीमत ज्यादा थी, इसलिए शहरी जमीनों के बड़े-बड़े टुकड़े अंग्रेजों ने लीज के रूप में दे दिए थे। आज हालात बदल गए हैं। वर्ष 2020 में इसी एक्ट को दोबारा पास कर दिया गया था। गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट में ऑटोमेटिक रिन्यूअल का प्रावधान है, लेकिन उसमें रहने वाला जमीन का मालिक नहीं हो सकता। वह किसी तीसरे पक्ष को जमीन नहीं दे सकता। वह किसी तीसरे पक्ष के लिए जमीन दी गई है, उसके अलावा अन्य किसी उपयोग में लाने पर लीज को निरस्त किया जा सकता है।

नया नजूल भूमि एक्ट यह अमली जामा पहन लेता है तो इसके बाद उत्तर प्रदेश में किसी भी नजूल भूमि को किसी प्राइवेट व्यक्ति या प्राइवेट एंटिटी (संस्था या अन्य) के पक्ष में फ्रीहोल्ड (स्वामित्व) नहीं किया जा सकेगा। खाली पड़ी नजूल भूमि जिसकी लीज अवधि समाप्त हो रही है, उसे फ्रीहोल्ड न करके सार्वजनिक हित की परियोजनाओं जैसे अस्पताल, विद्यालय, सरकारी कार्यालय आदि का उपयोग के लिए किया जाएगा।

नजूल भूमि विधेयक के अनुसार, ऐसे पट्टाधारक जिन्होंने 27, जुलाई 2020 तक फ्री होल्ड कि लिए आवेदन कर दिया है और निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है, उनके पास विकल्प होगा कि वह लीज अवधि समाप्त होने के बाद अलगे 30 वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकरण करा सकें। बशर्ते, उनकी ओर से मूल लीज डीड का उल्लंघन न किया गया

-उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

# बारिश हो रिमझिम रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

श्रावण का महिना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो-तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावण की झड़ी को तो देखना दूर की बात जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन-तीन, चार-चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढ़ने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी-मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है,एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है।

दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं।

एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोर वेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए।

पिछले तीन-चार दशक से शहरों में वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम सरकार स्तर पर बनाने के साथ ही कोलोनाइजर्स को बनाने को कहा जाता रहा और आज भी कहा जा रहा है पर उसकी पोल इसी से पूरी हो जाती है कि कहने को तो वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम बना दिये, पैसे भी पूरे लग गए पर उनका स्ट्रक्चर जाने-अनजाने ऐसे बन गए कि यह तो वे ऊंचे बन गए, उन तक पानी पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम रह गई या फिर ऐसी जगह बना दिये गये जहां उनकी उपयोगिता ही नहीं रही। आखिर यह सब कुछ सुनियोजित विकास के नाम पर अनियमित विकास हो कर रह गया। आज बैंगलोर में लोग पानी के लिए तरश रहे हैं। कमोबेस यही हालात देश के अधिकांश हिस्सों में हो रहे हैं या होने की तैयारी में हैं। हालात साफ है धरती को पानी संजोने के लिए मिल ही नहीं रहा। कारण साफ है विकास और सुविधाओं के विस्तार के नाम पर उसके पड़ने वाले साइड इफेक्ट के बारे में तो समय पर सोचा ही नहीं गया। आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यों में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो। हो क्या रहा है मोटा पैसा खर्च करके एसटीपी बनाये जा रहे हैं। पानी रिसाईकिल का ट्रिटमेंट कर दूसरे कामों में उपयोग करने की भी योजनाएं बनती है। पर कहीं ना कहीं शहरों में थोड़ी थोड़ी दूरी पर पानी संग्रहण के स्रोत विकसित करने ही होंगे ताकि भूजल का स्तर बढ़ सके। इसके साथ ही भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकना ही होगा और ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिससे पेयजल के अतिरिक्त अन्य कार्यों में पानी का सीमित उपयोग करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके।

## विदेश की खबरें

### गाजा पर हमलों में 18 लोगों की जान गई, इजराइल में चाकू घोंपकर दो की हत्या

**तेल अवील :** गाजा पर रविवार को इजराइल की ओर से किए गए हमले में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि इजराइल के तेल अवीव के उपनगर में एक फलस्तीनी नागरिक ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इजराइल और हमास के बीच लगभग 10 महीने से जारी युद्ध तथा बुधवार को तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्ला कमांडर फौद शुकूर के मारे जाने के बाद से क्षेत्र में जारी तनाव के युद्ध में बदलने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि ईरान और उसके सहयोगियों ने इस हमले का करारा जवाब देने की धमकी दी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में कहा, 'इजराइल कई मोर्चों पर युद्ध कर रहा है।' उन्होंने कहा कि देश रक्षा या जवाबी हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। जॉर्डन के विदेश मंत्री ईरान की दुर्लभ यात्रा पर हैं, क्योंकि अमेरिका और उसके अरब सहयोगी व्यापक संघर्ष को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हमास का कहना है कि उसने नए नेता के चयन पर चर्चा शुरू कर दी है। इजराइल की 'मैगन डेविड एडोम' नामक बचाव सेवा और एक निकटवर्ती अस्पताल के अनुसार, फलस्तीनी उग्रवादी द्वारा चाकू से किए गए हमले में 70 वर्षीय एक महिला और 80 वर्षीय एक पुरुष की मौत हो गई तथा दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं।

### भारत से लौट रहे तीर्थयात्रियों से भरा ट्रैक्टर नेपाल में नहर में गिरा, महिला की मौत

**काठमांडू :** नेपाल के सरलाही जिले में रविवार को भारत से लौट रहे हिंदू तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर नहर में गिर गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई और उसकी 11 वर्षीय बेटी सहित चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना मलंगावा इलाके में हुई और इस दौरान ट्रैक्टर पर 25 तीर्थयात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना चालक के ट्रैक्टर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। तीर्थयात्री बिहार के मधिया में एक मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने के बाद घर वापस आ रहे थे। बाकी तीर्थयात्री सुरक्षित बताए जाते हैं। ट्रैक्टर चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### जॉर्डन के विदेश मंत्री ने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की

**तेहरान :** जॉर्डन के विदेश मंत्री ने रविवार को तेहरान में ईरान के कार्यकारी विदेश मंत्री से मुलाकात की। ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के शीर्ष उग्रवादियों के एक के बाद एक मारे जाने के बाद अमेरिका और उसके अरब सहयोगी युद्ध के खतरे को कम करने की कोशिशों में जुटे हैं, जबकि हमास इजराइल से बदला लेने की कसम खा रहा है।

आयमान सफादी 20 से अधिक वर्षों में ईरान की आधिकारिक यात्रा करने वाले जॉर्डन के पहले वरिष्ठ अधिकारी होंगे। जॉर्डन को पश्चिमी देशों का करीबी सहयोगी माना जाता है और उसने अप्रैल में ईरान द्वारा इजराइल की ओर दागी गई कई मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में मदद भी की थी।

कई लोगों को आशंका है कि पिछले सप्ताह बेरूत में इजराइल द्वारा किए गए हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ कमांडर के मारे जाने तथा उसके एक दिन बाद तेहरान में हुए विस्फोट में हमास के शीर्ष नेता की मौत के बाद ईरान एवं उसके क्षेत्रीय सहयोगी भी इसी तरह का हमला कर सकते हैं। दोनों हमलों के लिए इजराइल को दोषी ठहराया गया है और उसने हिजबुल्ला कमांडर के हमले में मारे जाने की बात को कबूल लिया है। ईरान, हिजबुल्ला और हमास ने इन हमलों का बदला लेने की कसम खाई है।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने शरणार्थियों के होटल पर हमले की निंदा की

**लंदन :** ब्रिटेन के कई शहरों में हिंसा भड़कने के बीच प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शरणार्थियों के लिए बने होटल पर हमले की निंदा करते हुए इसे 'दक्षिणपंथी गुंडागर्दी' करार दिया। प्रधानमंत्री ने रविवार दोपहर '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से दिए गए एक बयान में देश के विभिन्न हिस्सों में जारी अशांति के बीच राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, 'हम इन गुंडों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए जो भी करना होगा, करेंगे।' इंग्लैंड के उत्तरी शहर रॉदरहैम में पुलिस को दक्षिणपंथी दंगाइयों की भीड़ को रोकने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जो शरणार्थियों के एक होटल में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 अगस्त, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, श्रावण शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 18:06 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 15:20 तक, योग : व्यतिपाता, 10:33 तक, सूर्योदय: 5:10, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 05:40, चन्द्रास्त: 19:03, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 06:50 से 08:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन लाभ से भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी मामले में लाभ होने से आपके सुख में वृद्धि होगी। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को लाभ होगा और करियर में दिन सफलता से भरा होगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको भरपूर सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। धर्म आध्यात्म के मामले में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपका मन पढ़ाई-लिखाई में लगेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के दिन हर काम में सापधानी रखने का है। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा और दिन सम्मान से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं और किसी नए प्रॉजेक्ट पर काम आरंभ हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ और सम्मान प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। आपको दूसरों की मदद करनी पड़ेगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। साझेदारी में में किए व्यापार में लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। घरेलू काम को निपटाने का सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के दिल दिन करियर के मामले में सफलता देने वाला रहेगा। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन आपके लिए शुभ होगा और कार्य में सफलता प्राप्त होगी। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2824

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | ■ | 11 | | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | |
| 14 | 15 | | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | | | 23 |
| | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | | |

*ऊपर से नीचे :-* 2) कसौटी; मानदंड; *क्राइटेरियन*, 3) ज़ुल्फ़, 4) बटाणा, 5) अनुवाद, 6) देखरेख, 8) उपभोग; बिक्री; व्यय, 9) दीर्घ काल, 12) सलामी, 13) फिर; उपरान्त, 15) गणवेश, 16) अनुर्वर, 17) मुख, 19) मृत्यु, 20) भंडारघर, 22) भूतकालीन, 23) एक नदी, 24) अगला दिन, 25) इस के आगे नहीं; तलक *(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) धनाढ्य; पैसेवाला, 4) कौरव-पांडवों की वीरगाथा, 7) चुलबुला; उपद्रवी, 9) फ़लाना, 10) पराया; पंख, 11) भय, चिंता आदि के कारण मस्तिष्क की नसों का तन जाना जिसके कारण विकलता बढ़ जाती है; वैमनस्य, 12) पराजय, 13) मद्यकक्ष, 14) सचेत, 16) लगा *(दरवाज़ा)*; मुँदा *(आँख)*; आम हड़ताल, 17) सौगंध, 18) औलाद, 19) चुप्पी, 20) नौकाघाट; आग़ोश, 21) कर्ण, 24) शामियाना दीवार, 26) क्षमता; साहस, 27) दड़बा *(कबूतर का)*.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | ■ | दे | हा | व | सा | न | ■ | श |
| ल | ■ | औ | र | ■ | ज़ा | ■ | या | च | क |
| फ | फो | ला | ■ | ऐ | न | क | ■ | ना | र |
| ना | ■ | द | स्त | ■ | दा | म | न | ■ | कं |
| मा | स | ■ | व | ज़ी | र | ■ | न | ग | द |
| ■ | व | र्त | न | ■ | ■ | अं | द | र | ■ |
| स्व | र्ण | ■ | ■ | वि | ग | त | ■ | ल | हू |
| छ | ■ | पु | रु | ष | ■ | का | म | ■ | ब |
| ता | रु | ण्य | ■ | म | खौ | ल | ■ | ब | हू |

## सुडोकू-पहेली-2784

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 2 | | | | | | |
| | | | 4 | | | 1 | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 6 | | | 3 | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | | |
| | | | | 7 | | 9 | | |
| | 8 | | 1 | | 5 | | | |
| | | | | | | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2783 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 |

# 'निष्क्रिय' राज्यपाल की अवधारणा खत्म हो गई है : राज्यपाल बोस

## दिल्ली में राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे बोस ने पीएम मोदी की तारीफ की

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि 'निष्क्रिय' राज्यपाल की अवधारणा समाप्त हो चुकी है और निर्वाचित मुख्यमंत्री को सरकार का 'अग्रणी चेहरा' होना चाहिए, जबकि मनोनीत राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों के 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक' के रूप में पृष्ठभूमि में रहना चाहिए। इस दिन, राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली आए राज्यपाल बोस ने कहा कि राज्यपाल संविधान के संरक्षक व संघवाद के अभिभावक हैं, और वे 'रबर स्टाम्प नहीं हैं'। इस दौरान, राज्यपाल बोस ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ अक्सर अपना टकराव रहने के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सम्मान करते हैं और ममता बनर्जी के साथ उनके पेशेवर संबंध हैं, लेकिन राजनीतिक नेता ममता बनर्जी को वह पसंद नहीं करते। राज्यपालों के सम्मेलन के बारे में बात करते हुए बोस ने इसे 'परिवर्तनकारी' और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया। बोस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिवर्तनकारी भारत की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए मैं कहूंगा कि यह परिवर्तनकारी राज्यपाल सम्मेलन था, जहां अब हम देखेंगे कि राज्यपालों के कामकाज में एक नयी लय होगी। निर्वाचित प्रतिनिधियों और राज्यपाल के बीच एक नया तालमेल नजर आएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपालों के सम्मेलन ने निर्णय लिया कि राज्यपालों को केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी कड़ी के रूप में बने रहना चाहिए, जिसे राष्ट्रपति और अन्य लोगों ने समर्थन दिया। उस स्थिति में, राज्यपालों को लोगों की भलाई के लिए बनाई गई परियोजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में गहराई से शामिल होना होगा। बोस ने कहा कि निर्वाचित मुख्यमंत्री को सरकार का अग्रणी चेहरा होना चाहिए, जबकि राज्यपाल को मार्गदर्शक के रूप में पृष्ठभूमि में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को सक्रिय होना चाहिए। निष्क्रिय राज्यपाल की अवधारणा खत्म हो गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्यपाल को राज्य में संविधान के संरक्षक होने के नाते हमेशा सतर्क रहना चाहिए ताकि लोकतंत्र बरकरार रहे।



# राशन वितरण मामला : इडी ने ज्योतिप्रिय मल्लिक के खिलाफ शुरू की धन शोधन की जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राशन वितरण मामले में पूर्व खाद्य और आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के खिलाफ नकद जमा की जांच शुरू की है। बता दें कि फिलहाल, ज्योतिप्रिय मल्लिक न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, ज्योतिप्रिय मल्लिक से जुड़े एक कॉर्पोरेट इकाई के बैंक खातों में 6.50 करोड़ रुपये से अधिक जमा किए गए थे। इसमें एक करोड़ रुपये अनीसुर रहमान उर्फ बिदेश द्वारा भी जमा किए गए थे, जो उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा के तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हैं। बिदेश और उनके भाई अलिफ नूर उर्फ मुकुल इडी की हिरासत में हैं। ईडी को जानकारी मिली है कि यह विशेष निगम मुख्यतः एक शेल कंपनी थी, जिसका उपयोग धन के विचलन के लिए किया गया था। ईडी का मानना है कि कंपनी के खातों में जमा की गई भारी नकदी राशन वितरण मामले की अवैध आय थी। बिदेश और मुकुल व्यापारी बकीबुर रहमान के चचेरे भाई हैं, जिन्हें राशन वितरण मामले में सबसे पहले इडी अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को, इडी के वकील ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत को सूचित किया कि बिदेश और मुकुल के संयुक्त स्वामित्व वाले चावल मिल को किसानों से धान खरीदने के लिए राज्य सरकार से चरणबद्ध रूप से 45 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। हालांकि, उन्होंने बाद में मिल के कर्मचारियों की आड़ में नकली किसानों से खरीदारी दिखाई। ईडी ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और यह देखने की कोशिश कर रही है कि राशन वितरण में इस धन का उपयोग कैसे किया गया।



## स्कूल भर्ती घोटाला : ईडी ने तृणमूल विधायक जीवन कृष्ण साहा के खिलाफ जारी किया समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी जांच के सिलसिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि साहा को घोटाले में संलिप्तता के आरोप में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल गिरफ्तार किया था और उन्हें बाद में जमानत दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि साहा को एजेंसी के कोलकाता स्थित कार्यालय में सोमवार को ईडी अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा गया है। ईडी के अधिकारी ने कहा कि उनसे स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए सोमवार की सुबह हमारे कार्यालय आने को कहा गया है। बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने इससे पहले साहा की पत्नी से भी पूछताछ की थी। सीबीआई ने कई दिनों की पूछताछ के बाद साहा को अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। उन्हें इस साल मई में रिहा किया गया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं।



आज विधानसभा के मानसून सत्र का अंतिम दिन हंगामेदार रहने के आसार

# बंगाल विभाजन की मांग पर विधानसभा में तृणमूल पेश करेगी सकती है प्रस्ताव

### प्रस्ताव पर चर्चा में मुख्यमंत्री ममता भी लेंगी भाग, विपक्षी भाजपा भी कमर कसकर तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के मानसून सत्र का सोमवार को अंतिम दिन काफी हंगामेदार रहने वाला है। राज्य के दो जिलों और बिहार के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने तथा उत्तर बंगाल को पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय का हिस्सा बनाने संबंधी कुछ भाजपा नेताओं की हालिया मांगों के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बंगाल विभाजन के किसी भी प्रयास के खिलाफ सोमवार को विधानसभा में प्रस्ताव लाएगी। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बताया कि विधानसभा के नियम 185 के तहत यह प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसपर दो घंटे तक चर्चा की जाएगी और इसे विधानसभा से पारित कराया जाएगा। बता दें कि बीते मंगलवार को विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया था। इस प्रस्ताव पर चर्चा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी हिस्सा लेंगी। दूसरी तरफ, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा भी कमर कसकर तैयार है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी इस प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेंगे। ऐसे में मानसून सत्र के अंतिम दिन विधानसभा का माहौल काफी गर्म रहने के आसार हैं। क्योंकि, इस प्रस्ताव के बहाने सत्तारूढ़ तृणमूल और विपक्षी भाजपा एक दूसरे को घेरने की कोशिश करेगी। आज सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे की बजाय 10 बजे से ही शुरू होगी। इस दिन, इस प्रस्ताव के अलावा राज्य सरकार की तरफ से उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में राज्य का पहला स्किल नॉलेज एंड फैशन विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी) की स्थापना के लिए भी विधानसभा में एक विधेयक (बिल) पेश किया जाएगा। चर्चा के बाद इस विधेयक को पारित कराया जाएगा।




## केंद्र ने संसद में माना कि बंगाल को मनरेगा के तहत 'शून्य' धनराशि दी गई : डेरेक ओ ब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने मनरेगा पर एक प्रश्न के उत्तर में उच्च सदन में दिए गए जवाब का हवाला देते हुए रविवार को दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने अपने जवाब में आखिरकार स्वीकार कर लिया है कि पश्चिम बंगाल को 100 दिवसीय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 'शून्य' धनराशि दी गई है। इस दिन, उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि तृणमूल कांग्रेस और इसके लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद से इस योजना पर श्वेतपत्र की मांग कर रहे हैं ताकि यह साबित हो सके कि केंद्र ने पश्चिम बंगाल को क्या भुगतान किया है। ब्रायन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आखिरकार! मोदी सरकार ने संसद में स्वीकार किया कि बंगाल को मनरेगा के लिए शून्य धनराशि दी गई है। उन्होंने 26 जुलाई को दिए गए उत्तर को साझा किया जिसमें मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या पर पिछले पांच वित्तीय वर्षों का राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों का डेटा दिया गया था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान द्वारा संसद के उच्च सदन में दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 2023-24 में 100 दिन का वेतन रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या 'शून्य' थी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने पूर्व में कहा था कि केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन न करने के कारण नौ मार्च 2022 को मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल को धनराशि जारी करना रोक दिया गया था।

# बारासात पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोबाइल फोन चोरी की जांच में उतरी बारासात थाने की पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम अजहर मोल्ला, आलमगीर ओस्तागीर और मीर हुसैन है। इनमें अजहर का घर दक्षिण 24 परगना के उस्ती थाना इलाके में है। जबकि, बाकी दो का घर हसनाबाद में है। इनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने बांग्लादेश सीमा पर स्वरूपनगर से चोरी किए गए मोबाइल बरामद कर लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 29 जुलाई को टाकी रोड से सटे कदंबगाछी इलाके में एक दुकान का शटर काटकर 18 मोबाइल फोन चोरी कर लिये गये थे। घटना की जांच शुरू करने के साथ ही रात में पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गयी थी। जिससे एक और मोबाइल दुकान में चोरी होने से रोका जा सकेगा। इसके बाद, सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद, काजीपाड़ा स्थित एक किराए के मकान से अजहर और आलमगीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात कबूल कर ली। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बांग्लादेश में मोबाइल फोन की तस्करी के बारे में बताया। इनसे पुलिस को हसनाबाद निवासी लिंकमैन मीर हुसैन का नाम पता चला। इसके बाद, मीर को गिरफ्तार कर लिया गया और चोरी के मोबाइल बांग्लादेश के सीमावर्ती इलाके स्वरूपनगर के बिथरी से बरामद कर लिये गये। शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बारासात पुलिस जिला के एसडीपीओ विद्यागर अजिंका अनंत ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ बशीरहाट पुलिस जिले के कई पुलिस स्टेशनों में शिकायतें हैं। वे जिस इलाके में मकान किराए पर लेते थे, उस इलाके की चार-पांच दुकानों में चोरी करते थे और बांग्लादेश में तस्करी करते थे। हालांकि, यहां एक दुकान में चोरी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन लोगों की तलाश जारी है जो इस तस्करी गिरोह से जुड़े हुए हैं।



## बेहाला में तृणमूल पार्षद पर सहकारी जमीन हड़पने का आरोप

### स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता :** बेहाला के पर्णश्री इलाके में स्थानीय पार्षद पर सहकारी जमीन हड़पने का आरोप लगा। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोग सड़क पर उतरें। लोगों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने सहकारी समिति के सामुदायिक हॉल पर कब्जा कर लिया है। इस बार कठघरे में कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 132 की तृणमूल पार्षद संचिता मित्रा है।

तृणमूल पार्षद पर पर्णश्री कोऑपरेटिव की जमीन हड़पने का आरोप लगा है। सहकारी समिति के निवासियों ने शिकायत की कि सामुदायिक भवन पर संचिता मित्रा ने कब्जा कर लिया है। आवासीय सामुदायिक भवन में गुटबाजी का आरोप लगा है/आरोपी तृणमूल पार्षद सहकारिता के विशेष पदाधिकारी के पद पर भी हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि चुनाव के तुरंत बाद सहकारिता के विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की जाए।

सामुदायिक भवन पर कब्जे को लेकर निवासी लंबे समय से विरोध भी जता चुके हैं। रविवार को भी रहवासियों ने पार्षद के खिलाफ प्रदर्शन किया। हालांकि, संचिता ने सभी आरोपों से इनकार किया है। पार्षद ने दावा किया कि जो लोग विरोध कर रहे हैं वे सहकारी समिति के निवासी नहीं हैं।

# इलाज में लापरवाही से बच्ची की मौत, रणक्षेत्र बना शक्तिनगर जिला अस्पताल

### परिजनों का आरोप, करीब दो घंटे तक बच्ची का नहीं किया गया इलाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर शक्तिनगर जिला अस्पताल के खिलाफ फिर इलाज में लापरवाही के कारण एक बच्चे की मौत की शिकायत लगी है। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। और देखते ही देखते पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। अंत में कोतवाली थाने की पुलिस ने जाकर स्थिति को संभाला। दूसरी तरफ, मृत बच्चे के परिवार ने अस्पताल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस और पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, मृत बच्ची का नाम लावणी घोष (4) है। वह गोयालदह की निवासी थी। बताया गया है कि गत शनिवार की रात राजीबपुर स्थित अपने मामा के घर से अपने घर जाते समय विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी थी। उसे रक्तरंजित हालत में तुरंत आसपास के लोगों और स्थानीय लोगों द्वारा शक्तिनगर जिला अस्पताल लाया गया। आरोप है कि अस्पताल में काफी देर तक बच्चे का इलाज नहीं किया गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद, अस्पताल परिसर रणक्षेत्र बन गया। परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने घर के लोगों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने भी इस मामले में अपना मुंह नहीं खोला।



### सोदपुर से बाइक चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

खड़दह थाने की पुलिस ने सोदपुर से बाइक चोरी के मामले में एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी की तीन बाइकें बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह का कोई अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन है या नहीं। रविवार को गिरफ्तार लोगों को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया।



## कुणाल के खिलाफ यूट्यूब चैनल के मानहानिकारक वीडियो रोकने का निर्देश

### केंद्र को तृणमूल के पूर्व सांसद ने किया था शिकायत

**कोलकाता :** पूर्व तृणमूल सांसद कुणाल घोष के बारे में अपमानजनक 'वीडियो सामग्री' प्रकाशित करने के कारण यूट्यूब चैनल 'बंगटीवी' मुसीबत में है। केंद्र की शिकायत सेल ने कुणाल घोष के खिलाफ उन सभी आपत्तिजनक वीडियो को संबंधित यूट्यूब चैनल के 'फेसबुक पेज' और 'यूट्यूब' से हटाने का आदेश दिया।

कुणाल के वकील अयान चक्रवर्ती ने कहा कि हाल ही में बंगटीवी ने तृणमूल सांसद कुणाल घोष के बारे में एक अपमानजनक वीडियो जारी किया था. आरोप है कि उस चैनल के संचालक ने संबंधित यूट्यूब चैनल पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर अभद्र टिप्पणी की। इतना ही नहीं कुणाल के खिलाफ व्यक्तिगत तौर पर भी कई अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, बल्कि उनके परिवार के बारे में भी कई आपत्तिजनक बातें कही गईं।

वकील ने यह भी कहा कि प्रकाशित वीडियो में मॉडरेटर ने कुणाल घोष के नाम को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए उनकी शैक्षणिक योग्यता और कार्य योग्यता पर सवाल उठाते हुए अपमानजनक बातें कही हैं। कुणाल ने इसकी शिकायत केंद्र की शिकायत सेल यानी सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम से की। उस मानहानि शिकायत के आधार पर, शिकायत सेल ने शनिवार को संबंधित यूट्यूब चैनल से कुणाल घोष के बारे में आपत्तिजनक वीडियो को हटाने का आदेश दिया। उन सभी वीडियो को तुरंत हटा देना चाहिए।

# आनंदपुर में बार में तोड़फोड़ मामले में दो और गिरफ्तार

❑ **अबतक मामले में कुल आठ गिरफ्तारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आनंदपुर में बार में तोड़फोड़ के आरोप में और 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, गत शनिवार की रात आनंदपुर थाना परिसर से दोनों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही बार में तोड़फोड़ की घटना में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह हमला पुरानी दुश्मनी के कारण हुआ है। अभियुक्तों के नाम सौगत सेनगुप्ता और सुशांत घोष उर्फ लंबू हैं। बताया गया है कि गत शनिवार की रात करीब 11.40 बजे आनंदपुर थाने की पुलिस ने पोड़ा बस्ती इलाके में छापेमारी की। वहां से सौगत को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, इससे पहले पुलिस ने नहर पर छापा मारकर सुशांत को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। बताया गया है कि दोनों का बार में तोड़फोड़ का मामले से सीधा संबंध है। बता दें कि इससे पहले मामले में पुलिस ने आनंदपुर के पोड़ा बस्ती निवासी दीपांकर दास (36) और महेंद्रप्रसाद गुप्ता (35) नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में, विश्वजीत मंडल नाम के एक शख्स को भी गिरफ्तार किया गया। बाद में, चार अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि आनंदपुर में बदमाशों के एक समूह ने एक बार पर हमला कर दिया। बार के बाहर खड़ी कई कारों में तोड़फोड़ की गई थी। आरोप है कि मैनेजर समेत कर्मियों की पिटाई भी की गयी था। बार का सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया गया था।



### नदिया में गांजा तस्करी के आरोप में पिता-बेटी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** गांजा तस्करी के आरोप में पिता-बेटी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। अभियुक्तों के नाम कमल मल्लिक और उसकी बेटी सनीजा खातून है। दोनों पूर्व बर्दवान जिले के केतुग्राम थाना अंतर्गत चर सुजापुर के निवासी निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर कालीगंज थाना पुलिस ने पलाशी तेजनगर घाट से दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, दोनों स्कूटर पर ट्रॉली बैग में गांजा छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, प्रयास अंततः विफल रहा। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया है। कमल मल्लिक और उसकी बेटी मुर्शिदाबाद से तेजनगर घाट पार कर नदिया के पलाशी में प्रवेश कर गए। गुप्त सूत्र के अनुसार खबर मिलने पर कालीगंज थाने की पुलिस पहले से ही वहां मौजूद थी। घाट पार करते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू कर दी। तलाशी के दौरान ट्रॉली बैग से चार पॉलीथिन बैग में करीब 12 किलो गांजा बरामद हुआ।

**मैत्री एक्सप्रेस रद्द रहेगी**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, **13107 ढाका - कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.08.2024) और **13109 कोलकाता - ढाका मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 06.08.2024) **रद्द** रहेंगी। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में भर्ती भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी स्वीकारी, लिखित में दी सफाई

**कोलकाता :** अंततः मध्य शिक्षा पर्षद ने सुप्रीम कोर्ट में भर्ती घोटाले की जिम्मेदारी स्वीकारी। कमीशन ने एसएससी की अनुशंसा और कमीशन के नियुक्ति पत्र के खाते का मिलान करने का तर्क दिया। कमीशन ड के पास रिक्तियों का सही हिसाब नहीं है, यही भ्रम है। कमीशन ने शनिवार को नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के शिक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार के आरोप पर सुप्रीम कोर्ट को लिखित में मंजूरी दे दी। अनुशंसा पत्र मिलने के बावजूद कई लोगों ने स्कूल में दाखिला नहीं लिया। इसके चलते कमीशन ने उस स्थान पर दूसरे व्यक्ति की नियुक्ति कर दी है. इसलिए, एक ही रिक्ति के लिए कई भर्ती पत्र जारी किए गए हैं।

भर्ती भ्रष्टाचार का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और उस मामले में, एसएससी ने बार-बार अपना दृष्टिकोण बदला है। जैसे ही शिकायत हुई।शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में एक लिखित बयान में, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कहा कि नियुक्ति और सिफारिश के बीच विसंगति उनके बीच समझ की कमी के कारण थी। बोर्ड ने कहा कि वैकेंसी की सही जानकारी नहीं होने से भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। इसीलिए एक ही रिक्ति के लिए कई अनुशंसा पत्र दिए गए हैं। कई नियुक्तियां की गई हैं। बहरहाल, मध्य शिक्षा पर्षद का यह तर्क सुप्रीम कोर्ट में कितना टिक पाता है, इस पर नजर रखनी होगी।

विशेष वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि अगर आप सुप्रीम कोर्ट में कोई नई दलील देंगे तो यह काम नहीं करेगा।प्रारंभ में उन्होंने तथ्यों के आधार पर जो तर्क दिया वह स्वीकार्य है। बोर्ड ने स्कूल सेवा आयोग की अनुशंसा के विरुद्ध नियुक्ति पत्र जारी किया है।वह जानकारी मौजूद है। उस जगह खड़े होकर खुद को बचाने के लिए कई तर्क खड़े किए जा सकते हैं।यह स्वीकार्य नहीं लगता।

संयोग से मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की खंडपीठ में एसएससी में नियोजन रद्द करने के मामले की सुनवाई हो रही है। इससे पहले पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट को एक रिपोर्ट सौंपी थी। 3 अगस्त को मध्य शिक्षा पर्षद ने सुप्रीम कोर्ट को 6 पेज की रिपोर्ट सौंपी।इस रिपोर्ट में उन्होंने दावा किया कि कुल 25,844 लोगों को नौकरियां दी गईं जिसमें नौवीं-दसवीं में 13056। ग्यारहवाँ व बारहवीं में सहायक शिक्षक के पद के लिए 5757 नौकरियों की पेशकश की गई थी। इसके अलावा ग्रुप-डी पदों पर 4547 और ग्रुप-सी पदों पर 2484 लोगों को नौकरियां दी गईं।



विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## डायनेमिक सर्विसेज एंड सिक्योरिटी लिमिटेड और संजेविटी एंटरप्राइजेज ने मणिपुर में 100 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए साझेदारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, डायनेमिक सर्विसेज एंड सिक्योरिटी लिमिटेड (डीएसएसएल) ने संजेविटी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 29 जुलाई, 2024 को घोषित, यह समझौता ज्ञापन मणिपुर में 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत का प्रतीक है। विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाने वाला यह उपक्रम देश की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जिसके 2027 तक 80 गीगावाट तक बढ़ने का अनुमान है। डीएसएसएल के प्रबंध निदेशक जुगल किशोर भगत ने इस पहल के महत्व पर जोर दिया इस सौर ऊर्जा संयंत्र को विकसित करने के लिए संजेविटी एंटरप्राइजेज के साथ साझेदारी करना सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भारत की बढ़ती अक्षय ऊर्जा जरूरतों के प्रति हमारी सक्रिय प्रतिक्रिया को रेखांकित करता है।

## सियालदह डिवीजन में कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड डिवाइस पेश किए

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने यात्री सुविधा बढ़ाने और कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सभी आरक्षण काउंटरों पर भारतीय स्टेट बैंक भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन यूपीआई भुगतान के लिए क्यूआर कोड डिवाइस पेश किए हैं। यात्री अपने क्यूआर कोड का उपयोग करके मंडल के सभी 90 पीआरएस काउंटरों पर सुरक्षित और जल्द भुगतान कर सकते हैं। यह नई सुविधा गति और सुरक्षा दोनों को बढ़ाते हुए एक निर्बाध और कैशलेस बुकिंग अनुभव सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, आने वाले सप्ताह में, यह क्यूआर कोड भुगतान की सुविधा पूरे मंडल के सभी अनारक्षित यूटीएस काउंटरों तक बढ़ा दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए टिकट प्रक्रिया को अधिक कुशल और सुविधाजनक बनाना है। पूर्व रेलवे यात्रियों को सर्वोत्तम संभव अनुभव प्रदान करने के लिए सेवाओं में लगातार सुधार और नवीनतम तकनीकों को अपनाती रहती है।

# सिउड़ी में नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में मोबाइल फोन इस्तेमाल करते 12 अभ्यर्थी पकड़ाए



**❑ किसी के प्राइवेट पार्ट में, तो किसी के जूते के नीचे फोन छिपा था फोन**

**बीरभूम :** किसी के प्राइवेट पार्ट में, तो किसी के जूते के नीचे मोबाइल फोन छिपा था। 'एएनएम' और 'जीएनएम' नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा देते समय एक के बाद एक अभ्यर्थी मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के आरोप में पकड़े गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार को बीरभूम जिले के सिउड़ी स्थित बेनीमाधव इंस्टीट्यूशन में घटी। इस एक परीक्षण केंद्र से कम से कम 12 मोबाइल बरामद किए गए। पता चला है कि इस दिन, सिउड़ी के उस स्कूल में परीक्षा देने के लिए मालदह से कई परीक्षार्थी आये थे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले जो जांच होती है, अधिकारियों को उसमें कुछ नहीं मिला। हालांकि, परीक्षा शुरू होने के बाद, शिक्षक को कई लोगों को देखकर संदेह हुआ। इसके बाद, शिक्षक ने ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस को बुलाकर दोबारा परीक्षार्थियों की तलाशी ली गयी। स्कूल के प्रधान शिक्षक सुजॉय कुमार चट्टोपाध्याय ने कहा कि मेटल डिटेक्टर से दूसरे दौर की तलाशी में देखा गया कि किसी ने हील चप्पल के निचले हिस्से को काटकर उसके अंदर मोबाइल फोन लेकर आया है तो कुछ ने शरीर के अलग-अलग हिस्सों यहां तक कि प्राइवेट पार्ट्स में भी मोबाइल फोन छिपा रखा था। और सभी फ़ोन पुराने जमाने के कीपैड फ़ोन था। हेडमास्टर ने दावा किया कि इतना ही नहीं, ऐसे कीपैड वाले फोन केवल मालदह जिले से आये परीक्षार्थियों के पास से ही बरामद किये गये थे। उन्होंने यहां तक दावा किया कि उनके स्कूल से 12 कीपैड फोन बरामद हुए हैं और अगर अन्य परीक्षा केंद्रों की जांच की जाए तो ऐसे और भी मामले देखने को मिल सकते हैं। स्कूल अधिकारियों के मुताबिक, नकल करते पकड़े गए छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्कूल अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी काउंसिल को दे दी है।

## रायगंज में नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में 9 अभ्यर्थी मोबाइल फोन पर मैसेज के साथ पकड़े गए



**उत्तर दिनाजपुर :** उत्तर दिनाजपुर जिले में भी रविवार को नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में नकल के आरोप सामने आये हैं। रायगंज सुरेंद्रनाथ महाविद्यालय पर परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश करने और सवाल-जवाब के आदान-प्रदान का आरोप लगा है। 9 अभ्यर्थी मोबाइल फोन पर मैसेज के साथ पकड़े गए, जिनमें से 5 महिला और 4 पुरुष अभ्यर्थी हैं। पुलिस ने 9 लोगों को मोबाइल के साथ हिरासत में लिया गया है। दरअसल, इस दिन, रायगंज सुरेंद्रनाथ महाविद्यालय में 'ऑक्जिलरी नर्सिंग मिडवाइफरी' या एएनएम और जीएनएम या जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी कोर्स की परीक्षा थी। जांच के दौरान 9 लोगों के पास से मोबाइल फोन बरामद हुए। कॉलेज के प्रिंसिपल ने दावा किया कि फोन के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रायगंज थाने ले गयी। रायगंज सुरेंद्रनाथ महाविद्यालय के चंदन रॉय ने कहा कि यहां 600 अभ्यर्थियों की सीट पड़ी थी। कुल 484 लोग परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 9 को उनके मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। उस फोन से संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था। यह एक आपराधिक अपराध है। हम इसे हल्के में नहीं ले रहे हैं। हो सकता है इनके पीछे का मास्टरमाइंड कोई और हो।


## मालदह में नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा के दौरान 41 मोबाइल फोन जब्त

**मालदह :** मालदह में भी रविवार को नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में नकल के आरोप सामने आये हैं। जिले के अक्रूरमणि कोरोनेशन इंस्टीट्यूशन परीक्षा केंद्र से 41 मोबाइल फोन जब्त किये गये। बता दें कि इस दिन, राज्य भर में एएनएम-जीएनएम परीक्षा आयोजित की गई थी। मालदह जिले में भी यह परीक्षा चल रही थी। कथित तौर पर, मालदह के अक्रूरमणि कोरोनेशन इंस्टीट्यूशन परीक्षा केंद्र में 41 लोगों ने मोबाइल फोन के साथ परीक्षा केंद्र में घुसने की कोशिश की। इसके तुरंत बाद फोन जब्त कर लिए गए। उन मोबाइल फोनों को पुलिस को सौंप दिया गया। परीक्षा के बाद, फोन इंग्लिशबाजार पुलिस को सौंप दिया गया। हालांकि, छात्रों ने दावा किया कि उन्होंने स्कूल अधिकारियों को फोन रखने दिए थे। परीक्षा के बाद, इसे लेकर अस्थायी तनाव पैदा हो गया। हालांकि, पुलिस ने स्थिति पर काबू पा लिया।

# ब्लू लाइन में एल्युमीनियम थर्ड रेल के साथ स्टील थर्ड रेल रिप्लेसमेंट का काम शुरू

### 50 हजार टन कार्बन उत्सर्जन को रोकने में होगा सक्षम

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार अपनी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रहा है। इसकी प्रगति में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए, ब्लू लाइन की तीसरी रेल को बदलने के लिए एक विशेष पहल की गई है। इस बदलाव का असर व्यावसायिक मेट्रो सेवाओं पर व्यापक पड़ेगा। 38 वर्षों के अंतराल के बाद, स्टील निर्मित करंट प्रवाहित तीसरी रेल को एल्युमीनियम तीसरी रेल से बदला जा रहा है। इस परिवर्तन से ऊर्जा हानि में 84% की कमी सुनिश्चित होगी जो एक करोड़ वर्ष प्रति किमी मार्ग है। साथ ही 50 हज़ार टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।



एक बार पूरा होने पर, कोलकाता मेट्रो सिंगापुर, लंदन, मॉस्को, बर्लिन, म्यूनिख और इस्तांबुल मेट्रो की लीग में शामिल हो जाएगी, जहां तीसरी रेल का प्रतिस्थापन कार्य पहले ही हो चुका है और वहां मेट्रो सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

**❑ गिरीश पार्क में शुरू हुआ कार्य**

गिरीश पार्क और मैदान स्टेशनों पर अत्यधिक प्रवाहकीय एल्यूमीनियम तीसरी रेल का परिचय कार्य शुरू हो गया है। इस पहल का मुख्य घटक अर्थात अत्यधिक प्रवाहकीय एल्यूमीनियम तीसरी रेल, जर्मनी में निर्मित है और जर्मनी के हैम्बर्ग बंदरगाह से समुद्री परिवहन के माध्यम से भेजी गई है। सामग्री जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोलकाता बंदरगाह पर प्राप्त हो गई है और अगस्त के पहले सप्ताह में स्थापना स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। इस शिपमेंट में लगभग 5 किलोमीटर लंबी सामग्री प्राप्त हुई है। मेट्रो रेलवे कोलकाता ने अगले दो वर्षों में 35 किलोमीटर लंबी एल्युमीनियम तीसरी रेल शुरू करने की योजना की परिकल्पना की है।

**❑ अगला खेप अक्टूबर में**

अगली खेप अक्टूबर में आने की उम्मीद है। इसके लिए एक खुली निविदा जारी की गई और दिन-प्रतिदिन के कार्यों को प्रभावित किए बिना वाणिज्यिक घंटों के बाद रात के दौरान कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा।

गिरीश पार्क वाई साइडिंग और मैदान वाई साइडिंग में पेडस्टल बेस फाउंडेशन की तैयारी का काम पहले ही किया जा चुका है। मेट्रो रेलवे किसी भी मिलावट से बचने और साइट पर बेहतर प्रदर्शन के लिए नींव में प्रीमिक्स कंक्रीट का उपयोग करने जा रहा है। ऐसा मेट्रो रेलवे में पहली बार किया जाएगा। फाउंडेशन तैयार करने का यह काम फिलहाल गिरीश पार्क और महात्मा गांधी रोड स्टेशनों के बीच चल रहा है।

यह अत्यधिक प्रवाहकीय एल्यूमीनियम तीसरी रेल अपनी बेहतर विद्युत चालकता के कारण सिस्टम वोल्टेज ड्रॉप और उसके बाद होने वाली ऊर्जा हानि को कम करने की क्षमता रखती है। तीसरी रेल में यह कम वोल्टेज ड्रॉप मेट्रो के चलने के दौरान तेज गति प्राप्त करने में मदद करेगा। परिणामस्वरूप, एक यात्रा को पूरा करने के लिए कम समय की आवश्यकता होगी और बदले में मेट्रो पीक आवर्स के दौरान काफी कम अंतराल पर सेवाएं चलाने की क्षमता हासिल कर लेगी। इससे मेट्रो परिचालन की दक्षता में सुधार होगा। इस नई प्रणाली में भारी मात्रा में ऊर्जा की बचत होगी जिससे कोलकाता मेट्रो को अपनी परिचालन लागत कम करने में मदद मिलेगी। परिणामस्वरूप, इस परिचालन लागत को बचाकर इस तीसरी रेल को बदलने का पूरा खर्च तीन साल के भीतर प्राप्त किया जा सकता है।

**❑ कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी**

इसके अतिरिक्त, एल्युमीनियम तीसरी रेल अपने जीवनकाल में कार्बन उत्सर्जन में 50000 टन की कमी लाएगी।

इसके अलावा, एल्युमीनियम तीसरी रेल को कम रखरखाव की आवश्यकता होगी और यह अत्यधिक विश्वसनीय और स्थिर होगी। कोलकाता जैसे गर्म और आर्द्र शहर में, यह प्रतिस्थापन बहुत फायदेमंद होगा और इस तीसरी रेल के साथ थर्ड रेल करंट कलेक्टर (टीआरसीसी) के संपर्क के समय सुरंग के अंदर कम गर्मी उत्पन्न होगी। रखरखाव कार्य के लिए नई तीसरी रेल को किसी वेल्डिंग की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि ऐसी दो रेलों को स्प्लिस जॉइंट की मदद से जोड़ा जा सकता है। इससे सुरंगों के अंदर हवा की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## सेवड़ाफुली साहु समाज ने कांवरिया सेवा शिविर का किया आयोजन



**हुगली :** सेवड़ाफुली साहु समाज द्वारा 14वां वर्ष आयोजित तारकेश्वर सेवा शिविर रविवार को सुबह से रात तक कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शांती जगेश्वर धाम में आयोजित किया गया। सेवड़ाफुली साहु समाज के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन किया गया।

## बीरभूम में फिर ताजा बम बरामद, दो प्लास्टिक के जार से मिले 50-60 बम

**बीरभूम :** बीरभूम में फिर ताजा बम बरामद किए गए है। जिले के कांकड़तला थाने की पुलिस ने शनिवार की रात सिउड़ी के साहापुर-कल्याणपुर रोड पर एक सुनसान पुलिया के नीचे तलाशी चलाकर 60-65 बम बरामद किये। स्वाभाविक तौर पर, इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि गत शनिवार की रात सिउड़ी की कांकड़तला पुलिस को सूचना मिली कि साहापुर-कल्याणपुर रोड पर बम छुपाया गया है। सूत्र से सूचना मिलने पर पुलिस ने सुनसान पुलिया के नीचे छापेमारी की। पुलिस ने झाड़ियों से घिरे इलाके में जंगल काटकर बम से भरे दो प्लास्टिक के जार बरामद किये। उस जार से 60-65 बम बरामद किये गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सभी बम ताजा थे। यह स्पष्ट नहीं है कि परित्यक्त स्थान पर बम से भरे प्लास्टिक के जार किसने रखे। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या ये बम तस्करी के लिए रखे गये थे।



## धीरगुरुदेव की निश्रा में अंतरयात्रा शिविर का आयोजन



**कोलकाता :** श्री कमाणी जैन भवन के तत्वावधान में पू. धीर-गुरुदेव की निश्रा में डुंगर दरबार तेरापंथ भवन में रविवार को रत्नाकर पच्चीसी अंतरयात्रा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 9:15 बजे से 12:30 बजे तक चला। इस दौरान गुरुदेव ने कहा कि, रोग मिटावे वो दवा है और दोष मिटावे वो धर्म है। नवलखा उपाश्रय में 11 अगस्त रविवार को भक्तामर रहस्य शिविर का आयोजन किया गया है।

## पूर्व रेलवे का इस वित्तीय वर्ष 1 मिलियन पेड़ लगाने का लक्ष्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हुए पूर्व रेलवे का लक्ष्य 2024-25 वित्तीय वर्ष में 1 मिलियन पेड़ लगाना है। 100% विद्युतीकरण हासिल करने के बाद, पूर्व रेलवे अब अपने पूरे नेटवर्क को ग्रीन जोन में बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस वर्ष की योजना में सियालदह डिवीजन में 3 लाख पेड़, आसनसोल में 2 लाख 40 हजार, हावड़ा में 3 लाख 30 हजार और मालदह में 1 लाख 30 हजार पेड़ लगाना शामिल है। जून तक 1 लाख 72 हजार पेड़ लगाए जा चुके हैं, जिनमें सियालदह में 75 हजार, आसनसोल में 15 हजार, हावड़ा में 72 हजार और मालदह में 10 हजार पेड़ लगाए जा चुके हैं। यह हरित पहल सभी रेलवे कार्यालयों, डीआरएम भवनों, कार्यशालाओं, अधिकारियों के क्वार्टरों और कर्मचारियों के आवासों तक फैली हुई है, जिसका लक्ष्य एक स्थायी भविष्य है। इस पहल में रेलवे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूर्व रेलवे का व्यापक वृक्षारोपण अभियान न केवल परिवहन बल्कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के हिस्से के रूप में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।



## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 65 नागरिकों को नेत्र ज्योति दी

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने गंगासागर पीठ परिषद सेवा शिविर के सहयोग से संघ नेत्रालय में सेवा शिविर में 65 नागरिकों की आँख में मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया। वायुसेना पदक से अलंकृत विंग कमांडर डी जे क्लेर, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, अजय माधोगढ़िया, हर्ष माधोगढ़िया, प्रेमचंद्र झा, मूलचंद राठी, विनय दुबे, अशोक कंदोई, पिंकी गोस्वामी, ललित गनेरीवाल एवम अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष कुंजबिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकासचंद चांडक, आलोक दमानी, लक्ष्मी कुमार बियानी, महेश आचार्य, बिमल बालासिया एवम कार्यकर्ताओं ने किया। डी जे क्लेर ने भारत की सुरक्षा में सैन्य सेवा के महत्व पर अपने विचारों से राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा सेवा - परोपकार के कार्यों से भारत का निरन्तर विकास हो रहा है। कुंज बिहारी अग्रवाल ने कहा सन 1951 में स्थापित नागरिक स्वास्थ्य संघ का लक्ष्य 1 लाख से अधिक नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान करना है, संस्था ने अब तक तकरीबन 83 हजार नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर नेत्र ज्योति प्रदान की है । सभी अतिथियों एवम खुशबू माधोगढ़िया, अवीर माधोगढ़िया ने नागरिक स्वास्थ्य संघ के कार्यकर्ताओं के सेवाकार्यों की सराहना की तथा संस्था की निरन्तर प्रगति के लिये शुभकामना दी। कमलकांत बागड़ी, शंकरलाल सोमानी, बसन्त (झबरू दुजारी), गोवर्धन मूंधड़ा, सुबेश उपाध्याय, विजय बागड़ी, संजय सांगानेरिया, जगदीश गुप्ता, राजेश करनानी, राजकुमार तेनानी, मधुसूदन सफ्फड़ एवम कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संयोजक महेश आचार्य ने शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से सेवा शिविर की सफलता के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।




## बांकुड़ा में खेती करने गए किसान की डूबने से मौत

**बांकुड़ा :** भारी बारिश से दक्षिण बंगाल में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नहरें और तालाब भर गए हैं। कई इलाके पानी में डूबे हुए हैं। इस बार बारिश के पानी से भरी नहर पर जोखिम उठाकर खेती करने गया एक किसान पानी में डूब गया। पत्रसयेर प्रखंड के पतित गांव के किनारे से पतित नहर से क्षेत्र के लोग लंबे समय से इस नहर को पार करने के लिए पक्के पुल की मांग कर रहे हैं। इससे किसानों को खेती में फायदा होता है। शिकायत को प्रशासन ने नजरअंदाज कर दिया।

शनिवार को पतित गांव निवासी 54 वर्षीय उपनंद मंडल नहर पार अपनी जमीन पर खेती करने जा रहे थे। अचानक लापरवाही से किसान नहर के पानी में गिर गया। गांव और परिवार तक खबर मिलने पर काफी खोजबीन के बाद जब वह नहीं मिला तो इसकी सूचना बिष्णुपुर आपदा प्रबंधन कार्यालय को दी गई।



बिष्णुपुर आपदा प्रतिक्रिया कार्यालय के कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। स्पीड बोट को नीचे उतारकर काफी देर तक तलाश करने के बाद भी शाम तक किसान का पता नहीं चला। आपदा प्रबंधन कार्यालय कर्मियों को निराश होकर लौटना पड़ा। रविवार की सुबह फिर परिजनों व ग्रामीणों ने नहर के पानी में काफी खोजबीन के बाद किसान को पानी में तैरता हुआ पाया। उसे तुरंत बचाकर पतरासाया ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्रसायर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल भेज दिया।

## उत्तरी कोलकाता में 'देवी चौधुरानी' की धूम: एक ऐसा नाट्य मंचन जो किसी और से है अलग

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तरी कोलकाता के शोभाबाजार राजबाड़ी नट मंदिर में 16 और 17 अगस्त को क्लासिक नाटक 'देवी चौधुरानी' का शानदार मंचन होगा, जिसमें पारंपरिक रंगमंच का शानदार प्रदर्शन होगा। 'सुतानुति पाला परबोन' द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में तीन सितारों से सजी प्रस्तुतिकरण होंगे, जिसमें 16 अगस्त को आमंत्रित अतिथियों के लिए एक विशेष शो और 17 अगस्त को दोपहर 3 बजे और शाम 6:30 बजे सार्वजनिक प्रदर्शन शामिल हैं। इस कार्यक्रम की घोषणा करने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में जात्रा और रंगमंच दोनों से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। उल्लेखनीय कलाकारों में काकली चौधरी, अनल चक्रवर्ती, राजू बरुआ, सौमित्र मित्रा और विश्वजीत सरकार शामिल हैं। कोलकाता नगर निगम के एमआईसी देबाशीष कुमार और नाटक के पीछे की रचनात्मक टीम: लेखक सम्राट मुखोपाध्याय और निर्देशक प्रांतिक चौधरी भी मौजूद थे।

## बारुइपुर में रील्स बनाते समय किशोर पानी में बह गया, तलाश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पानी की धारा की रील्स बनाते समय एक किशोर पानी में बह गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार की दोपहर करीब 4 बजे बारुइपुर के उत्तर भाग पंपिंग स्टेशन पर हुई। लापता किशोर का नाम मोहम्मद शमीम है। वह बारुइपुर के मल्लिकपुर का निवासी था। अभी तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। प्रशासन सूत्रों के मुताबिक, उसकी तलाश की जा रही है। पता चला है कि इस दिन, दोपहर में वीडियो रील्स बनाने के लिए शमीम अपने कुछ दोस्तों के साथ यहां आया था। वह पानी के बहाव में बह गया। बाकी दोस्तों ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सके। इसी बीच, घटना की जानकारी होते ही बारुइपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

## मंतेश्वर में बाढ़ के पानी में दोस्तों के साथ नहाने गया स्कूल छात्र बह गया

**पूर्व बर्दवान :** दो दिनों से हो रही लगातार बारिश और डीवीसी के पानी छोड़ने के कारण पूर्व बर्दवान जिले के कई इलाके जलमग्न हैं, कृषि भूमि भी जलमग्न है। छोटी-बड़ी नदियां, तालाब पानी से लबालब हैं। कुल मिलाकर, जिले के विशाल क्षेत्रों में स्थिति व्यावहारिक रूप से बाढ़ जैसी है। और इसी बाढ़ को देखने के चक्कर में एक स्कूली छात्र बह गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार को पूर्व बर्दवान जिले के मंतेश्वर के देनुर ग्राम पंचायत के धेनुआ गांव में घटी। लापता स्कूली छात्र का नाम सूर्या घोष है। वह मंतेश्वर के देनुर ग्राम पंचायत के धेनुआ गांव का निवासी है। और 10वीं कक्षा का छात्र है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सूर्या घोष 15, 16 स्थानीय लोगों के साथ गांव में पानी देखने गया था। कुछ देर बाद, वह अचानक गांव के फुटबॉल मैदान से कुछ दूरी पर स्थित नहर के पास पानी में बह गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई लड़के गांव में आई बाढ़ में नहाने आये थे। 7-8 लोग एक साथ तैर रहे थे, अचानक सूर्या घोष बह गया। आंखों के सामने दोस्त को डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में, पूरे गांव के लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला।

## बैंडेल लोकल के पेंटोग्राफ में चिंगारी निकलते देख यात्रियों में फैली दहशत

**हुगली :** हावड़ा बैंडेल लाइन शाखा के बैंडेल लोकल के पेंटोग्राफ में चिंगारी निकलते देख यात्रियों में दहशत मच गई। जिसके बाद, ट्रेन को वैद्यबाटी स्टेशन पर रोका गया। मालूम हो कि बैंडेल से हावड़ा तक जाने वाले डाउन लोकल जब वैद्यबाटी स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंची तब यात्रियों ने पेंटोग्राफ से चिंगारी निकलते देखा। ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर एक पर प्रवेश करने के बाद घटना की जानकारी हुई। घटना रविवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। इस कारण ट्रेन सेवा अस्थायी रूप से बाधित हो गई। डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। हालांकि अप ट्रेन के परिचालन में कोई बाधा नहीं आयी। यात्रियों को उस ट्रेन से वैद्यबाटी स्टेशन पर उतार दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर सेवड़ाफुली जीआरपी और रेलवे स्टाफ वैद्यबाटी स्टेशन पहुंचे। 35 मिनट तक डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बंद रहा। इसके बाद, खाली ट्रेन को हावड़ा कारशेड के लिए रवाना किया गया। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, ट्रेन हटने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया। बता दें कि, पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में कई ट्रेन हादसों की खबरें सामने आई हैं। आकस्मिक मौतें भी हुई हैं। कोरबा-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में रविवार सुबह आग लग गई। जिसमें तीन बोगी जल गई। हालांकि, किसी तरह का कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन रेल यात्रियों में दहशत फैल गई।

## पांडवेश्वर स्टेशन के आधुनिकीकरण के बाद यात्रियों के लिए बढ़ेंगी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से पांडवेश्वर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पांडवेश्वर स्टेशन, अंडाल-सैंथिया शाखा लाइन पर एक एनएसजी 5 श्रेणी का स्टेशन है। यह एक महत्वपूर्ण कोयला लोडिंग केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो 10 किमी के दायरे में कई ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड खदानों से घिरा हुआ है। स्टेशन का ऐतिहासिक महत्व और रणनीतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आधुनिकीकरण किया जा रहा है।



इस दौरान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के अंदर यातायात परिसंचरण में सुधार, एक प्रवेश द्वार पोर्च का निर्माण और दिव्यांगजनों के लिए शौचालय सुविधाओं का प्रावधान शामिल हैं। यात्रियों के लिए आराम और सुविधा बढ़ाने के लिए, एक वातानुकूलित प्रतीक्षालय और पुरुष और महिला यात्रियों के लिए एक नया इनडोर टॉयलेट ब्लॉक स्थापित किया जाएगा। परियोजना में पार्किंग क्षेत्र का विस्तार और सुरक्षा और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रैंप के साथ 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी शामिल है। प्लेटफॉर्म का रिसर्फेसिंग, नए प्लेटफ़ॉर्म शेल्टरों की स्थापना भी इस योजना का हिस्सा हैं। इसके अलावा, एक अलग वेटिंग हॉल, टिकट बुकिंग काउंटर, रैंप सुविधाएं और दिव्यांग यात्रियों के लिए एक अलग वॉटर बूथ शामिल हैं। दिव्यांगजनों, बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म 1 और प्लेटफॉर्म 2 के बीच एक लिफ्ट लगायी जाएगी। यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए दो अतिरिक्त प्लेटफार्म शेड उपलब्ध कराए जाएंगे। यह पुनर्विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो यात्री अनुभव और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए आसनसोल डिवीजन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# अखिल गिरि ने माफी मांगने से किया इनकार, पार्टी के आदेश के बाद दिया पद से इस्तीफा

**❑ महिला अधिकारी को धमकाने का आरोप, पार्टी ने निशर्त माफी मांगने या फिर इस्तीफा देने को कहा था**

**❑ इस्तीफे के बाद अखिल गिरि ने छोड़ा सरकार द्वारा दिया गया बंग्ला और गाड़ी**

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** मंत्री अखिल गिरि एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने एक महिला अधिकारी के साथ बदतमीजी करते हुए हुए धमकाया था। जिसका वीडियो वायरल होने पर गिरि के इस व्यवहार को लेकर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने इस्तीफा देने को



कहा था। पार्टी की तरफ से कहा गया था कि गिरि महिला से अपने व्यवहार को लेकर मांफी मांगे। नहीं तो अपने पद से इस्तीफा दें। तृणमूल कांग्रेस की तरफ मांगे गए इस्तीफा पर गिरि ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंन कहा कि इस्तीफा देना मंजूर है। लेकिन माफ़ी का सवाल ही नहीं उठता है। जानकारी के मुताबिक, अखिल गिरी ने पार्टी के निर्देश के बाद अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मेल के जरिए भेज दिया है। वहीं, उनकी तरफ से कहा गया कि वह आज विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री को अपने इस्तीफे की हार्ड कॉपी भी सौंपेंगे। इस्तीफा के बाद, अखिल गिरी ने कहा कि मुझे अपनी टिप्पणी के लिए खेद है, इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे महिला से माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि मैंने उस उस वक्त महिला अधिकारी से जो कुछ भी कहा वह दुर्भाग्यपूर्ण था। मेरे मुंह से ये शब्द न निकलते तो अच्छा होता। मुझे इसका अफसोस है। लेकिन इस स्थिति के लिए वो महिला अधिकारी ही जिम्मेदार थी। उल्लेखनीय है कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर में वन विभाग परिसर में दुकानें लगने को लेकर शनिवार को विवाद हुआ। वन विभाग इन दुकानदारों से अतिक्रमण हटवा रहा था। इसी बीच, जेल मंत्री अखिल गिरि भी वहां आ पहुंचे। वन विभाग की कार्रवाई को लेकर महिला अधिकारी से उनकी कहासुनी हो गई।

उन्होंने महिला अधिकारी को डंडे से पीटने तक ही धमकी दे दी। उन्होंने यहां तक कहा कि तुम सरकार की नौकर हो। हमारे सामने सर नीचे कर बात करो। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वे अपने इस व्यवहार के लिए मांफी मांगे या फिर अपने पद से इस्तीफा दें।

## श्रीरामपुर में भीषण जल जमाव से परेशान हुए पांच नंबर वार्ड के निवासी

**हुगली :** श्रीरामपुर नगर पालिका के पांच नंबर वार्ड के सोसाइटी, मैदान, कब्रिस्तान इलाके में भीषण जल जमाव से स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ सड़कों पर ही नहीं लोगों के घरों में भी बरसात का पानी घुसा हुआ है। जिससे स्थानीय निवासी काफी भयभीत है। लोगों को आशंका है कि बारिश के पानी के साथ गंदी नालियों के पानी के मिलने से विषैले जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ है। इस इलाके में एक जिम भी है। यहां अधिवक्ता से लेकर शिक्षित वर्ग निवास करते हैं। लोगों का आरोप है कि थोड़ी सी बारिश होने पर ही इलाके में भीषण जल जमाव होता है। जिससे नित्य काम के लिए भी घर से बाहर जाना दुर्भर हो जाता है। हालांकि नगर पालिका की तरफ से पंप लगाकर पानी निकालने का काम जारी है। स्थानीय



निवासी गोकुल ने बताया कि अगर फिर से बारिश हुई तो पंप भी कोई काम नहीं आएगी क्योंकि निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने की वजह से इस इलाके में भीषण जल जमाव होता है। पालिका को बार-बार गुहार लगाकर वे लोग थक गए हैं लेकिन निकासी की कोई समुचित व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। कहा कि राज्याधरपुर ग्राम पंचायत की सड़क ऊंची होने की वजह से बारिश के समय में सारा पानी इलाके में आकर जम जाता है। श्रीरामपुर नगर पालिका का पांच नंबर वार्ड उत्तम राय की देखरेख में आता है, वही इस वार्ड के जन प्रतिनिधि है। पूरा इलाका जलमग्न हो गया है, नालिया लबालब है, इलाके में डेंगू के प्रजनन का भी खतरा मंडरा रहा है।

## दुकानदार को चकमा देकर सोने के गहनों का डिब्बा लेकर बदमाश फरार, जांच में जुटी पुलिस



**हुगली :** हुगली जिले में एक बार फिर स्वर्ण व्यवसायी को चकमा देकर सोने के गहने लेकर चंपत होने का मामला सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत कोन्नगर में एक सोने की दुकान में शनिवार की रात एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान पर आया। दुकानदार ने दावा किया कि उस समय एक अन्य व्यक्ति बाइक लेकर बाहर इंतजार कर रहा था। दुकान में मौजूद व्यक्ति सोने का हार खरीदने के नाम पर गहने देखने लगा। इस दौरान दुकानदार डिब्बे खोलकर गहने दिखाने लगा। फिर पलक झपकते ही वह गहनों का डिब्बा लेकर दुकान से बाहर निकला और बाहर खड़े बाइक से भाग गया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों शख्स पहले भी सोने की दुकान पर आ चुके थे। अन्य स्थानीय व्यवसायी भयभीत हैं। ऐसे में इलाके के लोग चोरी की घटना पर सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। कई दिनों पहले चंडीतला में एक दुकानदार ने सोने की दुकान में घुसकर चोरी कर ली थी। बाद में, पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

## चटर्जीहाट में सीवर से महिला का शव बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के चटर्जीहाट इलाके में सुबह-सवेरे सीवर से एक महिला का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक महिला का परिचय नहीं पाया था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मौत को हत्या या अन्य कारण मानकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने कोना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के किनारे एक हाइड्रेन में एक महिला का शव तैरता हुआ देखा। इसके बाद, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर मुर्दाघर भेज दिया। महिला का शव सीवर में कैसे आया, इसे लेकर



असमंजय बना है। चटर्जीहाट थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कहीं हत्या कर शव तो नहीं फेंका गया है। हालांकि, शुरुआती जांच के बाद पुलिस का अनुमान है कि महिला भिखारी है। किसी तरह वह हाइड्रेन में गिर गयी। उसके बाद, वह उठ नहीं सकी और उसी वजह से उसकी मौत हो गई। लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा।

## सीबीआई अधिकारी बताकर 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करोड़ों की ठगी, बुजुर्ग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई अधिकारी बताकर 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। उन करोड़ों में से 50 लाख रुपये आरोपी बुजुर्ग के खाते में जमा हुए थे। आरोपी का नाम सूरज सिंह (71) है। लालबाजार साइबर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार किया। रविवार को आरोपी बुजुर्ग को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने आरोपी को 17 अगस्त तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस के मुताबिक, इस गैंग के मुखिया केरल, दिल्ली, लक्षद्वीप जैसे अलग-अलग जगहों पर छिपे हुए हैं। पुलिस का



दावा है कि उनकी तलाश में इन जगहों पर छापेमारी करनी होगी। पुलिस के मुताबिक, बीते जून माह में दक्षिण कोलकाता के पाम एवेन्यू निवासी एक व्यक्ति के पास व्हाट्सएप कॉल आई थी। उस व्हाट्सएप डीपी में एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर लगी थी। उस व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि मुंबई पुलिस ने एक पैकेट बरामद किया है। उस पैकेट में नशीली दवाएं हैं। इस बात के सबूत मिले हैं कि वह ड्रग गिरोह में शामिल है। इसलिए सीबीआई ने उन्हें 'डिजिटली गिरफ्तार' किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनसे कहा गया कि सीधी गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्हें पैसे देने होंगे। पाम एवेन्यू निवासी ने डरकर कई बैंक खातों में 1.02 करोड़ रुपये भेज दिए। सूरज सिंह के खाते में 50 लाख रुपये जमा पड़े। उस आधार पर, जासूसों ने खड़दह में छापा मारा। वहां से सूरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस गैंग के बाकी लोगों की तलाश जारी है।

## बकरी चोरी के संदेह में तीन युवकों की पेड़ से बांधकर सामूहिक पिटाई

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में फिर सामूहिक पिटाई का एक और मामला सामने आया है। इस बार, मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपाड़ा में घटी है। पता चला है कि यहां चार युवक बकरी चोरी करते पकड़े गए।



फिर, आरोपियों को पेड़ से बांधकर स्थानीय निवासियों पर बुरी तरह पीटने का आरोप लगाया गया है। बताया गया है कि हरिहरपाड़ा के विभिन्न इलाकों में कई महीनों से पालतू जानवरों की चोरी हो रही है। इस बार, तीन युवक रंगे हाथ पकड़े गए। बाद में, पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मिलन मंडल, प्रसेनजीत मंडल, श्रीकाश मंडल और सुब्बार अली के रूप में हुई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि तीन युवक बकरियां चुराकर अब्दुलपुर में एक व्यक्ति को बेचने गये थे। तभी, उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर आश्चर्य में पड़ गए। पूछताछ की जानकारी जब बकरियों के मालिक को हुई तो उन्हें पकड़कर पेड़ से बांध दिया गया और जमकर पिटाई की गई। बाद में, जब पुलिस को सूचना दी गई तो उन्हें मौके से बचाया गया और थाने ले जाया गया। इस घटना को लेकर बकरी के मालिक ने चार लोगों के नाम पर लिखित शिकायत दर्ज करायी है। गिरफ्तार चारों को रविवार को जिला अदालत में पेश किया गया।

## विमल लाठ के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर बड़ाबाजार लाइब्रेरी में त्रिवेणी कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** 125वें वर्ष में पदार्पण करते हुए, कोलकाता के प्राचीनतम साहित्यिक तीर्थ बड़ाबाजार लाइब्रेरी की द्वैमासिक साहित्यिक गोष्ठियों की श्रृंखला के अंतर्गत, लाइब्रेरी के आचार्य विष्णुकांत शास्त्री सभागार में, काव्य त्रिवेणी कार्यक्रम का आयोजन प्रख्यात रंगकर्मी, राष्ट्रवादी विचारक विमल लाठ के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर किया गया, जिसमें उपन्यास सम्राट प्रेमचंद, गोस्वामी तुलसीदास की जयंती एक साथ भव्य रूप से मनाई गयी। यह कार्यक्रम समाज्ञा हिन्दी दैनिक के प्रधान सम्पादक अनिल राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संयोजन हास्य व्यंग्य कवि डॉ. गिरिधर राय तथा कवि रामाकांत सिन्हा ने किया। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र नाथ इवनिंग कालेज की प्रो. दिव्या




प्रसाद एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत जयगोपाल गुप्ता, विष्णु वर्मा, अरुण मल्लावत, नंद कुमार लड्ढा, रामाकांत सिन्हा ने किया। कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम सत्र का संचालन डॉ. गिरिधर राय, द्वितीय सत्र का संचालन बलवंत सिंह गौतम एवं तृतीय सत्र का संचालन स्वागता बसु ने किया। हिमाद्री मिश्रा द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ और उसके पश्चात विभिन्न वक्ताओं एवं कलमकारों ने अपने-अपने वक्तव्य रखे एवं कविता पाठ किया। इस मौके पर, मुंशी प्रेमचंद पर सुरेन्द्रनाथ कॉलेज की प्रोफेसर दिव्या प्रसाद, गोस्वामी तुलसीदास पर बलवंत सिंह एवं कामेश्वर प्रसाद पांडे ने वक्तव्य रखा और आलोक चौधरी ने दोहे सुनाया। दुर्गा व्यास ने तुलसीदास पर अपनी रचना सुनाई। डॉ. गिरिधर राय ने विमल लाठ पर अपना वक्तव्य रखा।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में अनिल राय ने कहा कि तुलसी दास जी ने राम के व्यक्तित्व से बताया है कि एक आदर्श मानव कैसा होना चाहिए। अनिल राय ने प्रेम चंद की चर्चा करते हुए कहा कि प्रेमचंद आज भी प्रासंगिक हैं। विमल लाठ को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ाबाजार लाइब्रेरी के अध्यक्ष के रूप में लाठ जी ने संस्था को जो ऊंचाई प्रदान की, वह रेखांकित करने योग्य है। जिन रचनाधर्मियों ने काव्य पाठ किया उनके नाम हैं- हीरालाल जायसवाल, ऊषा जैन, उमेश चन्द्र तिवारी, डॉ. ज्योति सिंह, रामनाथ यादव बेखबर, रणविजय श्रीवास्तव, डॉ. उर्मिला साव कामना, नीता अनामिका, हिमाद्रि मिश्रा, नीलम झा, नीलम मिश्रा, रंजना झा, कंचन राय, रेखा रजक, विजय शर्मा विद्रोही, प्रणति ठाकुर, सीमा शर्मा, विकास ठाकुर एवं आशीष मंडल। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय गोपाल गुप्ता, प्रदीप कुमार सिकारिया, रामाकांत सिन्हा, स्वागता बसु एवं देवेश मिश्र का सहयोग सराहनीय रहा। श्रोताओं के रूप में ताड़क दत्त सिंह, सी के जैन, सूर्य प्रकाश शाह, अशोक अग्रवाल, राकेश चौधरी, उत्तम त्रिपाठी, सूर्य बसु, निखिल सिंह, प्रकाश सिंह, विष्णु वर्मा, कृष्णानंद मिश्रा, नारायण साह, हिमांशु दानी, विराट शर्मा,प्रिंस साव, नितेश राय एवं कृष्णा साह भी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन युवा कवि देवेश मिश्रा ने दिया।

## तेरापंथ सभागार में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ट्रस्ट द्वारा रविवार को तेरापंथ सभागार में निःशुल्क आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज हेतु शिविर लगाया गया। इस शिविर में आयुर्वेदाचार्य ओम प्रकाश डागा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अनेकों उपस्थित लोगों का उपचार किया। ओम प्रकाश डागा वर्षों से लोगों का इलाज कर रहे हैं। उनके द्वारा हजारों व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। अनेकों लोग लाभान्वित हो रहें है। वे निःशुल्क इलाज करते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगत सिंह टांटिया, ट्रस्टी अशोक भंसाली, निवर्तमान अध्यक्ष मदन लाल भंसाली, मंत्री बुद्धमल लूनिया, कोषाध्यक्ष आनंद पारख, सहमंत्री संजय समदरिया और बबिता डागा विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में विनोद कुचेरिया,सुशील गंग,दिलीप बैद समेत अन्य सक्रिय रहे।

# सीकर जिला वेलफेयर ट्रस्ट का सुरंगो राजस्थान कार्यक्रम के तृतीय संस्करण का आयोजन

### रूपा कंपनी के चेयरमैन पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल ने किया उद्घाटन





**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) के सीकर जिला वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सुरंगो राजस्थान कार्यक्रम के तृतीय संस्करण का शुभारंभ उल्टाडांगा के बिधान गार्डन में 4 अगस्त रविवार को सायं 4.00 बजे से हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रूपा एंड कंपनी के चेयरमैन पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल ने किया एवं दीप प्रज्ज्वलन भगवती प्रसाद जालान ने किया। दीप प्रज्ज्वलन में समाज के विशिष्ट अतिथि भी शामिल हुए। सुरंगो राजस्थान में प्रतियोगिता, प्रदर्शनी सह राजस्थानी मेला (सिणगार, गायन व सामूहिक नृत्य, काव्य-कथा बखान) राजस्थानी परंपरा एवं भाषा अनुसार आयोजित हुआ। सर्वप्रथम सेवा प्रार्थना का गीत गाया गया फिर उसके बाद गणेश वंदना हुई। मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को दुपट्टा और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

रूपा एंड कंपनी के चेयरमैन पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजस्थान का पहनावा, राजस्थान की भाषा, राजस्थान की कला अनोखी है और इसे ही सुरंगो राजस्थान के रूप में समेटा गया है। घनश्याम प्रसाद शोभासरिया ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य राजस्थान की भाषा और संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि हम लोग तीज त्योहार, गणगौर जैसे आयोजन भी करते हैं, ताकि राजस्थानी समाज अपनी परंपरा को न भूल जाये। अरविंद बियानी ने कहा कि कोलकाता में राजस्थान के बहुत सारे लोग रहते हैं और उन्हें राजस्थान की परंपरा और संस्कृति से जोड़े रखना ही हमारा मकसद है। रवि शंकर सिकरिया ने कहा कि कोलकाता को मिनी राजस्थान कहा जाता है और यहां आपको यहां राजस्थान का हर रंग मिलेगा। यहां के स्टॉलों की पूरी थीम ही राजस्थान पर है। सुनीता लोहिया ने कहा कि यह आज की युवा पीढ़ी अपनी भाषा व संस्कृति से विमुख है और हमारा प्रयास है कि उन्हें अपनी परंपरा से जोडे रखना है।

यहां राजस्थानी रील बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी है। राजस्थान से आए कलाकारों के प्रदर्शन से ऐसा लगा कि महानगर में पूरा राजस्थान उतर आया है। कार्यक्रम में राजस्थान के अंतरराष्ट्रीय कलाकार सुखदेव जी मंगनियार ने भी लोकगीत पेश किया। कार्यक्रम में यहां खान पान और बच्चों के लिए झूले आदि की विशेष व्यवस्था भी की गयी थी। सारी प्रतियोगिताओं में राजस्थानी भाषा का ही प्रयोग हुआ। सारे जज भी अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ थे। प्रतियोगिता में आयु सीमा नहीं थी।

एमिरेट्स के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद शोभासरिया की अनुप्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम में कुंज बिहारी अग्रवाल, भानी राम सुरेका, दीनदयाल गुप्ता, पवन मोदी, धर्मचंद जैन श्रीप्रकाश सोमानी, लक्ष्मी कुमार बियानी श्यामसुंदर धानुका विनोद अग्रवाल अनिल पोद्दार केशव सोमानी नवनीत सोढाणी जगदीश सिंघी, काशी प्रसाद धेलिया, रतन शाह आरपी पंसारी, सह संयोजका टीना सिंघी, रश्मि सराफ, रेणु पोद्दार, प्रीति बियानी, राधा सोमानी ललिता शारडा, विभा सिकरिया, मंजु अग्रवाल, रेखा चौधरी, सुमन सिकरिया, उषा अग्रवाल, किरण सोडाणी कनक सोमानी, राजकुमार अग्रवाल, श्री मोहन चौधरी, मधुसूदन बियानी मनोजमित्तल, रतन कुमार सिकरिया, सुशील अग्रवाल, रामगोपाल सराफ, अदित्य बियानी, गोपाल सिकरिया, रामअवतार अग्रवाल, रोहित जाजोदिया ने भी शिरकत की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार दिये गये।

निर्णायकों में सिणगार के लिए नैना जैन (फैशन) और सरोज जालान (स्टाईलिस्ट), गीत के लिए गायिका रेखा मिमाणी और विप्र फाउंडेशन की महासचिव संगीता नागला, महिमा बखान के लिए लेखिका आराधना जोशी, राजस्थानी साहित्यकार बंशीधर शर्मा, राजस्थानी कलाकार संध्या अजमेरा, नृत्य के लिए निधि अग्रवाल शामिल हुई। समारोह में महिलाओं (सिणगार) के लिए रानी कर्णावती पुरस्कार, महिलाओं के लिए मीरा बाई पुरस्कार (गीत व सामूहिक नृत्य), महिलाओं एवं पुरुषों के लिए भरत व्यास पुरस्कार (काव्य व कथा प्रस्तुति) दिये गये।

## अर्हत् स्तुति का महामंत्र है-लोगस्स : मुनिश्री जिनेश कुमारजी

**हावड़ा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में लोगस्स स्तोत्र जप अनुष्ठान का भव्य कार्यक्रम प्रेक्षा विहार में साउथ हावड़ा भी जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा - जीवन को सौम्य निर्मल, सात्विक एवं सर्वांग बनाने की एक दिव्य साधना है- अर्हत् स्तुति। अर्हत् स्तुति से आत्मशक्ति, प्राणशक्ति, चैतन्यशक्ति जागृत होती है और इससे चित्त निर्मल, सुखानुभूति अपूर्व निर्जरा होती है। अर्हत् स्तुति से जीव सम्यक्त्व की विशुद्धि को प्राप्त होता है। लोगस्स अर्हत् स्तुति का महामंत्र है। लोगस्स तीर्थकर स्तुति का महान मंत्र



है। भक्ति साहित्य की एक अमर अलौकिक रहस्यमयी और विशिष्ट रचना है। लोगस्स का पाठ लोकाग्र तक जाने की लिफ्ट है। इसमें भक्ति भाव से तीर्थकरों की स्तुति की गई है। लोगस्स पद है, स्तोत्र है। इसमें सात गाथा है। प्रत्येक गाथा के चार चरण है कुल अक्षर 256 हैं। तीर्थकर स्तुति रक्षा कवच है। लोगस्स एक अपराजित मंत्र है। इसकी साधना सर्वकाल एवं सर्वदृष्टि से मंगलकारी, कल्याणकारी शुभंकर एवं सर्वसिद्धि दायक है। लोगस्स के जप से सकारात्मक भावों का निर्माण व कषाय कृष होता है। लोगस्स अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का एक राजमार्ग है। सभी श्रावक-श्राविकाओं को लोगस्स की साधना व जप करना चाहिए।

प्रवचन से पूर्व मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने लोगस्स एवं उससे सम्बंधित मंत्रों का जप एवं अनुष्ठान करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल मुनिश्री कुणाल कुमार जी के मंगल संगान से हुआ। नीदरलैंड से समागत सुश्री आव्या भूतोड़िया ने चौबीसी के पार्श्वस्तुति गीत का संगान किया।

स्वागत साउथ हावडा सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत जी बाफणा ने व आभार मंत्री बसंत पटावरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंदजी ने किया।

श्रद्धाशील श्रावक भीखमचंद जी पुगलिया ने 14 दिन की तपस्या व भारती देवी लूणिया ने 9 की तपस्या का प्रत्याख्यान किया। इस अवसर पर बृहत्तर कोलकाता क्षेत्र के 1400 से अधिक श्रावक - श्राविकाएँ जप अनुष्ठान में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## काशी विश्वनाथ का श्रावण में सेवा कार्य जारी, उमड़ रहें श्रद्धालु

**कोलकाता :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति हमीरागाछी विश्रामगृह में सावन मे हर साल की तरह इस साल 16जुन से सेवा कार्य शुरू किया। यह कार्य 19 अगस्त तक चलेगा।इस मौक़े पर भोले बाबा के भक्तो की भीड़ उमड़ रही है। प्रत्येक सप्ताह एक लाख से भी अधिक कांवड़िया एवं तीर्थयात्री विश्रामगृह में प्रवेश करते है। कई एकड़ में फैले समिति के परिसर में बंगाल के कोने कोने से लोग आ रहे है। समिति के सभापति एवं विधायक विवेक गुप्ता की सलाह पर कांवड़ियों की सेवा के लिए हर तरह के इंतजाम निःशुल्क किए गए है। यहां पर निःशुल्क दाल भात सब्ज़ी, पूड़ी सब्ज़ी, हलवा चना, चाय बिस्कुट, शीतल शिकंजी, फल वितरण,प्राथमिक चिकित्सा, दूध जलेबी, खिचड़ी,गंगा मिट्टी, कांवड़, भूलो भटको की खोज इत्यादि सेवा प्रदान की जाती है। दर्शनार्थी यात्रियों के लिए कच्ची रसोई और दाल बाटी जडीपले का चूरमा की भी व्यवस्था है। यंहा का नज़ारा देखने योग्य है। हज़ारो की संख्या में श्रद्धालु इस सेवा का लाभ दिन रात ले रहे है।



**नए कमरे का जीर्णोद्धार**

रविवार को नए कमरा न10 का जीर्णोद्धार (मार्डन स्टाईल) कमरा का स्वर्गीय बालुरामजी ककरानिया एवं माता दिवंगत कौसल्या देवी ककरानिया की स्मृति में रमेशजी मीतुजी ककरानिया एवं समस्त परिवार ने करवाया ।इन कमरों का लोकार्पण सुप्रसिद्ध उद्योगपति तथा समाज सेवी रामचंद्र बडोपालिया के बर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान सचिव बिमल दीवान उपसचिव एवं मेला संयोजक पवन बंसल, सुभाष सवालदवाला, मेला उपसंयोजक मनीष धानुका ,गिरधरीलाल अग्रवाल ,आदित्य तुल्शियान, तथा समिति के अन्य अधिकारी एवं मेला सदस्य अरुण दीवान, बानी पढ़ दास,चुन्नी लाल पटेल ,दीपक जालान ,दुर्शी चंद अग्रवाल, जय प्रकाश गुप्ता, महेश पंचलंगिया, मनोज चौधरी, संजय अग्रवाल (पोस्ता)मोहित सुरेखा, ताड़कनाथ गुप्ता, राज कुमार टिबरेवाल, रमेश गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, सुनील सावलदावाला, सुशील जोशी, दीपक अग्रवाल (दिल्ली), उमा शंकर जोशी, विनय सोंथालिया,विनोद खंडेलवाल, अनु मिश्रा, ओम प्रकाश पतंगी , श्यामसुंदर कायल, प्रमोद चांडक , सुरेंद्र शर्मा , ओम प्रकाश पोदार (पूर्व पार्षद) कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा। सोसाइटी बेनिफिट सर्किल के द्वारा प्रथिमिक चिकित्सा का बहुत सहयोग रहा। फल वितरण किया गया।

साथ ही बहुत कार्यकर्ता उदय चौबे , राजेश अग्रवाल , उत्सव बाजोरिया , समीर सिंह ,अरुण केशरवानी, अरुण झुनझुनवाला का भी सेवा करने में बिषेश सहयोग रहा।

# सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध : योगी

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी हर शिकायत की सुनवाई जरूर होगी। राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, योगी ने रविवार सुबह गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं समेत लगभग 400 लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बारिश की आशंका के कारण मंदिर परिसर के भीतर महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने लिखित शिकायतों को मौजूद अधिकारियों को सौंप दिया और उन्हें प्रत्येक समस्या को तुरंत, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक ढंग से हल करने का निर्देश दिया। योगी ने विशेष रूप से भूमि अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया और उन मामलों की जांच करने का आह्वान किया, जिनमें पीड़ितों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने जवाबदेही तय करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे इस बात की जांच करें कि कुछ पीड़ितों को प्रशासनिक सहायता क्यों नहीं मिली है और प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को तत्काल सहायता सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन के दौरान कई लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगी, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि धन की कमी उनके इलाज में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल में इलाज पर होने वाले खर्च का आकलन करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और इसे शीघ्र शासन के सामने पेश करने का निर्देश दिया। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी जाएगी।



### भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। योगी आदित्यनाथ ने भारतीय टीम की इस जीत को ऐतिहासिक करार दिया और टीम के साथ-साथ समस्त देशवासियों को बधाई भी दी। योगी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में हैशटैग 'द हॉकी इंडिया' का उपयोग करते हुए लिखा, भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मार आत्महत्या की

**जयपुर :** राजस्थान के बाड़मेर जिले के बाखासर थाना क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान ने ड्यूटी के दौरान कथित तौर पर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ के जवान ने रविवार सुबह वॉच टावर पर ड्यूटी के दौरान सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक विशान सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर निवासी सिपाही बनारसी लाल (50) 83 बीएसएफ बटालियन में था। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे, तो जवान का शव वॉच टावर से नीचे पड़ा था। उन्होंने बताया कि शव को बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखा गया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रक की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**इटावा :** उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित सैफई इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सैफई थाना क्षेत्र में सैफई-पीजीआई में भर्ती अपने बीमार रिश्तेदार को देखकर शनिवार की देर शाम 19 वर्षीय दीपेश सागर और उसका चचेरा भाई 18 वर्षीय बॉबी सागर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रास्ते में राजमार्ग तिराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं।

### बिहार के मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**पटना :** बिहार पुलिस ने यहां मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने से जुड़े एक ईमेल के संबंध में मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सचिवालय थाना प्रभारी संजीव कुमार के बयान के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, ईमेल 16 जुलाई को मुख्यमंत्री कार्यालय को मिला था। प्राथमिकी के अनुसार, ईमेल भेजने वाले ने दावा किया था कि वह अलकायदा से जुड़ा है। उसने मुख्यमंत्री कार्यालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा था, 'यह एक पुराना मामला है... हमने जांच के बाद दो अगस्त 2024 को प्राथमिकी दर्ज की।' बिहार पुलिस के राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध प्राथमिकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जयपुर में सड़क दुर्घटना में कांवड़िये की मौत

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के जेएलएन मार्ग पर रविवार तड़के एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) कार की टक्कर से 24 वर्षीय एक कांवड़िये की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार युवक को करीब 50 मीटर तक घसीटती हुई ले गई। युवक गलताजी से जल भरकर चाकसू जा रहा था। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब चाकसू के शीतला माता निवासी सूरज शर्मा कांवड़ में जल भरकर गलताजी तीर्थ से लौट रहे थे। जेएलएन मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक गंभीर रूप से घायल सूरज को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक शनिवार रात 60 लोगों के समूह के साथ गलताजी तीर्थ के लिये गया था और रविवार सुबह वापस लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि एसयूवी की तलाश की जा रही है और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। मृतक युवक यहां सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक ज्वैलरी कंपनी में काम करता था। पिछले तीन वर्षों से वह हर साल पूजा-अर्चना के बाद गलताजी से जल लाने के लिए नियमित रूप से चाकसू से कांवड़ लेकर जाता था।

## मदरसा छात्र की हत्या मामले में नाबालिग छात्र हिरासत में

**बलरामपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के एक मदरसे में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने मदरसे के ही एक नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) योगेश कुमार ने रविवार को बताया कि मदरसे में पढ़ने वाले दूसरी कक्षा के छात्र आयान का मदरसे के एक नाबालिग छात्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आयान ने आरोपी छात्र को गाली दी थी, जिसके बाद आरोपी छात्र ने मस्जिद में आयान को जान से मार डालने की कसम खाई थी। एएसपी ने कहा, ''दो अगस्त की रात को मृतक आयान और आरोपी नाबालिग छात्र छात्रावास के कमरे में अगल-बगल सो गए। छात्रावास में मौजूद अन्य छात्रों के सो जाने के बाद आरोपी छात्र बाजार से खरीद कर लाए गए चाकू को अपने सूटकेस से निकाल कर लाया। उन्होंने बताया कि छात्र ने आयान के पेट में चाकू से वार कर बिस्तर से उसके मुंह और गर्दन को काफी देर तक दबाए रखा। आयान की मौत हो जाने पर उसके शरीर को ढक कर खुद शव के बगल में सो गया। एएसपी ने बताया कि हत्या के आरोपी नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। इस घटना के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कार से टकराकर पलटी बस, सात लोगों की मौत



**इटावा :** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस के शनिवार देर रात गलत दिशा से आ रही कार से टकराने के बाद खाई में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि तीन/चार अगस्त की दरमियानी रात को करीब पौने एक बजे नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी, तभी वह रास्ते में इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 129 के पास सामने से आ रही कार से टकरा गई।

ऐसा बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन के बाद कन्नौज के तालग्राम में अपने घर लौट रहा था। पुलिस अधीक्षक वर्मा के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि कार चालक को नींद आ गई और गलत लेन में दाखिल होने के कारण उसकी गाड़ी सामने से आ रही बस से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर से अनियंत्रित हुई बस सड़क के किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। वर्मा के मुताबिक, इस हादसे में कार सवार मोनू (25), उसकी मां चंदा देवी (52) और प्रद्युम्न (24) तथा बस सवार ओमप्रकाश (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य मृतक बस यात्री की पहचान अमेठी जिले के निवासी यासिर अल्वी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस दो अज्ञात शवों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

## अयोध्या बलात्कार मामले के दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी कि उनकी 'पुश्तें' भी याद रखेंगी : बृजेश पाठक

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को कहा कि अयोध्या के बलात्कार मामले के दोषियों को इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि उनकी आने वाली 'पुश्तें' भी याद रखेंगी। पाठक ने इस मामले में पीड़िता का डीएनए और नार्को परीक्षण कराने की मांग करने वाले मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सपा के डीएनए में गुंडई और अराजकता है, हत्यारों और बलात्कारियों को संरक्षण देना सपा की पुरानी आदत रही है। पाठक ने जिले के बांसडीह में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सपा द्वारा अयोध्या के बलात्कार मामले में डीएनए और




नार्को टेस्ट की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। उनकी आने वाली पुश्तें भी याद रखेगी इतनी कड़ी सजा मिलेगी। जब-जब सपा को ताकत मिलती है वह गुंडों और माफियाओं के साथ खड़ी दिखाई देती है। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के सारे नेता अपराधियों के बलबूते सरकार बनाने का प्रयास करते रहे हैं, जो कभी सफल नहीं होगा। पाठक ने कहा कि अयोध्या में पीड़िता के साथ सरकार खड़ी है और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूरे उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद सपा के लोग कहर बरपाने का काम भोली-भाली जनता पर कर रहे हैं। सपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने 30 जुलाई को एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में अयोध्या जिले के भदरसा में बेकरी चलाने वाले मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था।

## इमारत के बेसमेंट में चलने वाले कोचिंग संस्थान को सील कर दिया जाएगा- जिलाधिकारी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में जिला प्रशासन ने रविवार को कहा कि 'जिले में किसी भी इमारत के बेसमेंट में चलने वाले कोचिंग सेंटर को तुरंत सील कर दिया जाएगा। दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा के तीन उम्मीदवारों की मौत के बाद से पटना शहर में जिला प्रशासन द्वारा कोचिंग संस्थानों के शुरू किये गए निरीक्षण अभियान के बीच पटना के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्रशेखर सिंह ने यह भी कहा कि अभी तक यहां कोई भी कोचिंग सेंटर बेसमेंट से चलता हुआ नहीं पाया गया है। जिलाधिकारी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे उन कोचिंग संस्थानों को तुरंत सील करें जो बेसमेंट से चल रहे हैं। यह कोचिंग संस्थान चलाने के मौजूदा मानदंडों का उल्लंघन है। हालांकि, अभी तक कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को राज्य की राजधानी में एक भी ऐसा संस्थान नहीं मिला है, जो बेसमेंट से चल रहा हो। पटना में मौजूदा समय में संचालित किये जा रहे कोचिंग संस्थानों के बारे में सिंह ने कहा, जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों को नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए एक महीने का समय दिया है। उन्हें जिले में कोचिंग संस्थान चलाने के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्राप्त करना होगा। एक महीने के बाद मौजूदा प्रावधानों का पालन करने में विफल रहने वाले केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना

**पटना :** चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर केंद्र सरकार से राज्य के लिए ठोस लाभ सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। प्रशांत किशोर ने रविवार को कहा कि केंद्र में सत्ता बरकरार रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नीतीश कुमार पर निर्भर होने के बावजूद वह राज्य के लिए ठोस लाभ सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं। किशोर ने जनता दल(यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, 'बजाय इसके कि वे राज्य को औद्योगिक रूप से पुनर्स्थापित करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते, केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल अपनी पार्टी को



बेहतर हिस्सेदारी मिलने को लेकर चिंता करने और राज्य स्तर पर विरोधियों से बदला लेने के लिए सहयोगी दल भाजपा को इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं।' आईपैक के संस्थापक ने संवाददाताओं से कहा, लोग बिहार के लिए विशेष दर्जे की बात कर रहे हैं। मैं कहता हूं, नीतीश कुमार 20 चीनी मिलों को बहाल करने के लिए क्यों नहीं दबाव डालते जो वर्षों से बंद हैं? वे लगभग 20 वर्षों से सत्ता में हैं, जिसे गंवाए गए मौकों के लिए याद किया जाएगा। किशोर ने करीब दो साल पहले शुरू किए गए अपने जन सुराज अभियान को लेकर आयोजित एक समारोह के बाद यह बात कही। उनका जन सुराज अभियान इस साल दो अक्टूबर को एक राजनीतिक पार्टी का स्वरूप लेने जा रही है।

## सोनभद्र में 72 लाख रुपये का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन थाने की पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 72 लाख रुपये का गांजा बरामद किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि शनिवार को रात्रि 9.50 बजे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उप्र पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और चोपन थाना की पुलिस द्वारा सोन नदी पुल पर एक



ट्रक को पकड़ा गया जिसमें जांच करने पर कोयले की राख के नीचे बोरियों में छिपा कर रखा गया कुल 364.40 किलोग्राम गांजा बरामद किया। एएसपी ने बताया कि बरामद किए गए गांजा की कीमत लगभग 72 लाख रुपये आंकी गयी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान ट्रक चालक मोहम्मद शकील और ट्रक मालिक शिव प्रसाद मिश्रा (दोनों प्रयागराज जिले के निवासी) के रूप में हुई है। इस मामले में चोपन थाना में दोनों आरोपियों के विरूद्ध स्वापक औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वो लोग ओडिशा के क्योंझर से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जनपदों में आपूर्ति करते हैं।

## राजग 2029 में फिर सरकार बनायेगा: अमित शाह

**चंडीगढ़ :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के संख्या बल को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। मोदी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि 2014 से 2024 तक का 10 वर्ष का कालखंड हमारे देश के विकास के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा।' उन्होंने 'सर्जिकल स्ट्राइक', 'एयर स्ट्राइक' जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निरसन, अयोध्या में राममंदिर के निर्माण, रोड नेटवर्क की स्थापना तथा ब्रिटिश कालीन रेलवे स्टेशनों के स्वरूप परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के शासनकाल में देश ने विभिन्न प्रकार की सफलताएं हासिल की हैं। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र में देश के लोगों ने विकास का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी मोदी सरकार की पहलों से देश विनिर्माण का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से लोगों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। उन्होंने कहा कि



एक तरह से लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के कामों पर अपनी मुहर लगाई है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष को हंगामा करने दीजिए, बस आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेन्द्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे।' उन्होंने कहा, 'विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं। भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं।' 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को निशाना बनाते हुए शाह ने कहा कि अनिश्चितता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी। उन्होंने कहा, 'मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगला कार्यकाल भी इसी सरकार का होगा। विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहें और विपक्ष में प्रभावी ढंग से काम करना सीखें।' जलापूर्ति परियोजना के बारे में शाह ने कहा कि मनीमाजरा क्षेत्र के एक लाख से अधिक लोगों को चौबीसों घंटे जलापूर्ति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना लाकर शहरों में लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि केंद्र ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चंडीगढ़ में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। बाद में, शाह ने आपराधिक न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए बनाए गए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-समन प्रणालियों का भी उद्घाटन किया

## सरकारी कर्मचारियों की राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार हो सकता है, इसलिए राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के हितों को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में उनके सुझावों को शामिल करते हुए प्रावधान किए हैं। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य के सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कर्मचारी हमारे समाज के गौरव हैं, जो अपने जीवन का अधिकांश समय राज्य की सेवा में समर्पित करते हैं। कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' उन्होंने कहा कि पेंशन भोगी अपने परिवारों के साथ समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। पेंशन भोगियों का अनुभव और ज्ञान राज्य के विकास के लिए अमूल्य संपत्ति है।

## न्यूज अपडेट

### निजी क्षेत्रों में चतुर्थ श्रेणी की सभी नौकरियों में आरक्षण का पालन किया जाए : अनुप्रिया पटेल



**लखनऊ :** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने निजी क्षेत्र में चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण लागू करने की अपनी मांग को एक बार फिर से दोहराया है। पटेल ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निजी क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग के जरिए चतुर्थ श्रेणी के पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों में आरक्षण का पालन नहीं किया जाता है। वंचित वर्ग के लोगों को चतुर्थ श्रेणी की नौकरी मिलती थी। जब इन पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती की जाती है, तो आरक्षण कानून का पालन नहीं होता है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी चाहती है कि निजी क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग के जरिए चतुर्थ श्रेणी की सभी नौकरियों में आरक्षण का पालन किया जाए। राज्य सरकार द्वारा पेश उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (सार्वजनिक प्रयोजनों के प्रबंधन और उपयोग) विधेयक, 2024 पर पटेल ने कहा कि यह अनावश्यक है। उन्होंने कहा, इसे उच्च सदन द्वारा पहले ही प्रवर समिति को भेजा जा चुका है। समिति इस पर विचार करेगी और अपनी सिफारिश देगी। हमारी पार्टी को लगता है कि यह अनावश्यक है और जनभावनाओं के खिलाफ है। अयोध्या बलात्कार मामले पर पटेल ने कहा कि 'अपराधियों का कोई धर्म नहीं होता है।'

### अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले से बसपा सहमत नहीं : मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले से सहमत नहीं है। मायावती ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के उप-वर्गीकरण की अनुमति दी गई है, हमारी पार्टी इससे बिल्कुल सहमत नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि उन जातियों को आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि राज्यों को पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण करना होगा, न कि मर्जी और राजनीतिक लाभ के आधार पर। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत के फैसले के जरिये 'ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश सरकार' मामले में शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय पीठ के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों (एससी) के किसी उप-वर्गीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि वे अपने आप में स्वजातीय समूह हैं।

### उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में खाली लोकल ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

सहारनपुर (उप्र), चार अगस्त (भाषा) सहारनपुर रेलवे स्टेशन से 'वॉशिंग शेड' ले जाते समय एक खाली लोकल ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) मंदीप सिंह भाटिया ने संवाददाताओं को बताया कि एमईएमयू ट्रेन खाली थी और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। डीआरएम ने कहा, 'यह घटना अपराह्न करीब तीन बजे 'वाशिंग लाइन' पर हुई। इसके कारण मुख्य लाइन पर रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ। हम ट्रेन के पटरी से उतरने के कारणों की जांच कर रहे हैं और पटरी को ठीक किया जा रहा है।'

### झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय जद (यू) में शामिल

पटना : झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल(यूनाइटेड) में शामिल हो गए हैं। जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने रविवार को यह जानकारी दी। झा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि झारखंड (पूर्व) से निर्दलीय विधायक राय वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों- श्रवण कुमार और अशोक चौधरी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। अशोक चौधरी जद(यू) के झारखंड के प्रभारी भी हैं। यह घटनाक्रम कुछ सप्ताह पहले बिहार के मुख्यमंत्री से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात के बाद हुआ है।

## राजस्थान में गर्भवती महिला को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में 14 दोषियों को सात साल की कैद

**जयपुर :** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिछले साल सितंबर में धारियावाड़ में 20 वर्षीय गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में उसके पति सहित 14 पुरुषों को शनिवार को सात साल की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि धारियावाड़ कांड मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराध के समान ही एक जघन्य अपराध था। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में पिछले साल दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और भीड़ द्वारा उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया था। विशेष लोक अभियोजक मनीष नागर ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने धारियावाड़ कांड में दोषी पाई गई तीन महिलाओं को पांच साल की जेल की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति सोनी ने कहा, देश में महिलाओं को लक्ष्मी की तरह पूजा जाता है। प्राचीन शास्त्रों में भी महिलाओं के सम्मान का उल्लेख है, लेकिन कलयुग में उनके खिलाफ हिंसा और अत्याचार जारी है। उन्होंने कहा, यह आरोपी द्वारा महिला के खिलाफ किया गया एक गंभीर अपराध था। इसी तरह का जघन्य अपराध मणिपुर में भी हुआ था। ऐसे अपराध महिलाओं को भावनात्मक रूप से आहत करते हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है, तभी अपराध कम होंगे।

# पश्चिम और मध्य भारत में भारी बारिश

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटने के बाद श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद

**नयी दिल्ली :** पश्चिम और मध्य भारत में रविवार को भारी बारिश हुई, जबकि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। केरल के वायनाड और हिमाचल प्रदेश में पिछले सप्ताह हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या क्रमशः 221 और 13 हो गई, जबकि उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा के पैदल मार्ग पर फंसे तीर्थयात्रियों सहित 370 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। केदारनाथ, भीमबली और गौरीकुंड से अब तक 10,000 से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है। पिछले बुधवार को लिनचोली के पास जंगलचट्टी में बादल फटने से केदारनाथ यात्रा के पैदल मार्ग को काफी नुकसान पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे में भारी बारिश और खड़कवासला बांध से पानी छोड़े जाने के बीच जलभराव वाले आवासीय क्षेत्र में सेना के जवानों को तैनात किया



गया है। पुणे क्षेत्र के खड़कवासला, मुलशी, पवना और अन्य बांधों से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने को कहा है। इसके अलावा यह भी निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और सेना की मदद से लोगों को खतरनाक इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए कदम उठाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले पखवाड़े में जलसंग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के बाद रविवार को पुणे जिले के खड़कवासला बांध से 35,000 क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) पानी छोड़ा गया। जम्मू-कश्मीर में कुछ इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि गांदरबल जिले में बादल फटने से आई अचानक बाढ़ के कारण श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया। राजमार्ग बंद होने से कश्मीर घाटी का लद्दाख से संपर्क टूट गया है, जबकि अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर भी प्रभावित हुआ। झारखंड में भारी बारिश के कारण राज्य की कुछ नदियां उफान पर हैं, जिससे पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए अलर्ट जारी करना पड़ा है। राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण पिछले कुछ दिनों से खरकई और स्वर्णरेखा नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार रविवार सुबह नौ बजे स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर 116.58 मीटर था, जबकि खतरे का निशान 121.50 मीटर है।

## वायनाड भूस्खलन में जीवित बचे लोगों के पुनर्वास के लिए मॉडल परियोजना तैयार की जाएगी: केरल के मंत्री

**वायनाड (केरल) :** केरल के वायनाड जिले में हुई भूस्खलन की घटनाओं के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए एक 'टाउनशिप' बनाये जाने संबंधी मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की घोषणा के एक दिन बाद, राज्य के उद्योग मंत्री पी राजीव ने रविवार को कहा कि इसके लिए एक मॉडल परियोजना तैयार की जाएगी। वायनाड समाहरणालय में बागान मालिकों और प्रतिनिधियों की एक बैठक में राजीव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी के सहयोग से एक सुरक्षित 'टाउनशिप' बनाना है। मंत्री ने कहा कि पुनर्वास परियोजना को सरकार के संकट राहत कोष के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे अभियान को भी ''निराधार'' बताया। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के सचिव इस कोष के प्रभारी हैं और एक-एक रुपये का हिसाब रखा जाता है।

## केदारनाथ में बचाव अभियान चौथे दिन भी जारी



रुद्रप्रयाग : क्षतिग्रस्त केदारनाथ यात्रा मार्ग पर फंसे यात्रियों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान रविवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान, 373 लोगों को केदारनाथ धाम से लिंचोली के लिए रवाना किया गया, जहां से उन्हें हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ से राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दलों के साथ रवाना हुए इन 373 लोगों में श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोग एवं मजदूर भी शामिल हैं। सिंह के अनुसार, लिंचोली से हेलीकॉप्टर के जरिये इन सभी को सुरक्षित जगहों पर ले जाया जाएगा। इसके अलावा, केदारनाथ हैलीपैड पर भी 570 यात्री हेलीकॉप्टर का इंतजार कर रहे हैं। सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन, मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहित समाज केदारनाथ में फंसे सभी लोगों के लिए खाने के पैकेट, पानी की बोतलें और फल उपलब्ध करा रहा है। इस बीच, रामबाड़ा चौमासी पैदल रास्ते पर फंसे 110 यात्रियों को भी निकालकर चौमासी पहुंचा दिया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अल्लू अर्जुन ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपये दिये

**मुंबई :** तेलुगू फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन ने केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले से सुरक्षित बचाये गए लोगों के पुनर्वास प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष (सीएमडीआरएफ) में 25 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार के अनुसार, वायनाड जिले में 30 जुलाई को तड़के हुई भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 219 लोगों की मौत हो गई है। अर्जुन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह उस राज्य के लिए अपना योगदान देना चाहते थे जिसने उन्हें हमेशा बहुत प्यार दिया है। उन्होंने कहा, ''मैं वायनाड में हाल में हुए भूस्खलन से बहुत दुखी हूं। केरल ने मुझे हमेशा बहुत प्यार दिया है और मैं पुनर्वास कार्य में सहायता के लिए केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपये देकर अपना योगदान देना चाहता हूं। आपकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं।''

### विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर खाली ट्रेन के डिब्बे में मामूली आग लगी

**विशाखापत्तनम :** विशाखापत्तनम में रविवार को एक खाली ट्रेन के डिब्बे में मामूली आग लग गई जिसे वाल्टेयर रेलवे डिवीजन के कर्मियों ने तुरंत बुझा दिया। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कि बस्तर एक्सप्रेस के एक डिब्बे में सुबह करीब 10 बजे आग लग गई। यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रेन विशाखापत्तनम स्टेशन यार्ड में सफाई के लिए खड़ी थी। रेलवे के अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एक डिब्बे में आग लगने की मामूली घटना को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया।'' उन्होंने बताया कि यह खाली डिब्बा था। उन्होंने बताया कि घटना में कोई अन्य डिब्बा प्रभावित नहीं हुआ।

### डॉक्टर दंपति पर 1.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ठाणे :** नवी मुंबई के एक डॉक्टर दंपति पर एक दवा विक्रेता से 1.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एनआरआई थाने के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद डॉ. धवल खनयालाल देराश्री और उनकी पत्नी डॉ. लता देराश्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नवी मुंबई के सीवुड्स क्षेत्र में अस्पताल संचालित करने वाले डॉक्टर दंपति ने 2013 में अपने अस्पताल में मेडिकल स्टोर खुलवाने के नाम पर उससे 49 लाख रुपये लिए थे। अधिकारी ने दर्ज मामले के आधार पर बताया कि दंपति ने शिकायतकर्ता से 48 लाख रुपये की दवाएं भी खरीदी थीं, लेकिन उसका भुगतान नहीं किया। दंपति ने कथित तौर पर दुकानदार से 30 लाख रुपये उधार भी लिए थे जो उन्होंने वापस नहीं किए। अधिकारी ने कहा कि मामले में आगे की कारवाई की जारी है और अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद 87 सड़कें बंद, पांच दिनों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी

शिमला : पिछले पांच दिनों में बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं के कारण हिमाचल प्रदेश में कुल 87 सड़कें बंद हैं। स्थानीय मौसम विभाग ने आठ अगस्त तक हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश और आंधी का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, वाहनों के आवागमन के लिए बंद की गईं सड़कों में से कुल्लू में 30, मंडी में 25, लाहौल और स्पीति में 14, शिमला में नौ, कांगड़ा में सात और किन्नौर जिले में दो सड़कें शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रुक-रुककर बारिश हुई है। शुक्रवार शाम से हमीरपुर में सबसे अधिक 54 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई। इसके बाद बर्थिन और धर्मशाला में 19-19 मिमी, नेरी में 11 मिमी, कांगड़ा में 9.7 मिमी, कुकुमसेरी में 9.6 मिमी, सुंदरनगर में 8.1 मिमी, मनाली और चंबा में 6-6 मिमी तथा बजौरा में पांच मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ तथा निचले इलाकों में जलभराव की आशंका के बारे में भी आगाह किया है।

## आबकारी नीति मामला: सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर आज सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा जिनमें उन्होंने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने 29 जुलाई को पीठ से कहा था कि सीबीआई ने सिसोदिया की याचिका पर जवाब दाखिल कर दिया है, लेकिन वह रिकॉर्ड में अभी उपलब्ध नहीं है। राजू ने सिसोदिया की दलीलों पर प्रारंभिक आपत्तियां भी जताई थीं और कहा था कि यह दिल्ली उच्च न्यायालय के एक ही आदेश को चुनौती देने वाली दूसरी विशेष अनुमति याचिका है। विधि अधिकारी ने कहा था, ''एक ही आदेश को दो बार चुनौती नहीं दी जा सकती है।'' सिसोदिया ने इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय के 21 मई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। उन्होंने दोनों मामलों में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज करने के निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## कर्नाटक में भाजपा-जद(एस) की गठबंधन सरकार की वापसी पर काम करेंगे : कुमारस्वामी

**रामनगर (कर्नाटक) :** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की राज्य में वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के साथ दोबारा हाथ मिलने का सवाल ही नहीं उठता। जद(एस) 'जूनियर पार्टनर' होने के बावूद दोनों राष्ट्रीय दलों के साथ गठबंधन करके दो बार राज्य की सत्ता में रह चुका है। जद(एस) ने भाजपा के सहयोग से फरवरी 2006 से 20 महीने तक शासन किया और



मई, 2018 से 14 महीने तक कांग्रेस के समर्थन से शासन किया। कुमारस्वामी दोनों ही बार मुख्यमंत्री थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जद(एस) ने भाजपा से हाथ मिला लिया और राजग का हिस्सा बन गया। कुमारस्वामी ने कहा, ''मैं भाजपा और जद (एस) कार्यकर्ताओं को एक साथ काम करने की अपील करता हूं। मुख्यमंत्री कौन बनना चाहिए, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। आपके आशीर्वाद से मैं दो बार राज्य का मुख्यमंत्री रहा हूं। राज्य और इसके लोगों का कल्याण और विकास मेरे लिए महत्वपूर्ण है।'' एमयूडीए 'घोटाले' के खिलाफ बेंगलुरु से मैसूरु तक एक सप्ताह तक चलने वाले विरोध मार्च के दूसरे दिन से पहले भाजपा और जद (एस) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं भाजपा-जद(एस) गठबंधन सरकार को वापस लाने के लक्ष्य से आने वाले दिनों में आपके लिए काम करूंगा।''

## न्यूज अपडेट

### चिरंजीवी ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की

**हैदराबाद :** मेगास्टार चिरंजीवी और उनके अभिनेता पुत्र रामचरण ('आरआरआर' फेम) ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन के पीड़ितों की सहायता के लिए एक करोड़ रुपये का योगदान देने की रविवार को घोषणा की। चिरंजीवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में भूस्खलन के कारण हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में प्रकृति के प्रकोप के कारण केरल में हुई तबाही और सैकड़ों लोगों की जान जाने से मैं बहुत व्यथित हूं। वायनाड त्रासदी के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदना है। चिरंजीवी ने कहा, रामचरण और मैं मिलकर पीड़ितों के प्रति अपनी तरफ से सहायता के रूप में केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये का योगदान दे रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि जो लोग दर्द में हैं, वे शीघ्र इससे उबर जाएं!

### पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगासामी 74 वर्ष के हुए; राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**पुडुचेरी :** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी रविवार को 74 वर्ष के हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्रियों और असम के मुख्यमंत्री ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति ने रंगासामी को फोन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री को भेजे अपने संदेश में कहा, ''आपके सक्षम नेतृत्व में पुडुचेरी तेजी से विकास कर रहा है।'' मोदी ने यह भी कहा कि रंगासामी ''एक अनुभवी प्रशासक हैं जो पुडुचेरी की प्रगति के लिए कई कदम उठा रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में रंगासामी को बधाई दी और उनकी दीर्घायु की कामना की। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एल मुरुगन, मनोहर लाल, मनसुख मांडविया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने भी मुख्यमंत्री को बधाई दी।

### चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने केरल में भूस्खलन पर प्रधानमंत्री मोदी को शोक संदेश भेजा

**नयी दिल्ली :** चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश भेजकर केरल के वायनाड में भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने 'एक्स' पर कहा, ''तीन अगस्त को, प्रधानमंत्री ली क्विंग ने केरल में हुए भूस्खलन पर प्रधानमंत्री मोदी को शोक संदेश भेजा। ली क्विंग ने कहा कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि केरल में भूस्खलन की आपदा में भारी जनहानि हुई है।'' राजदूत ने रविवार को कहा, ''चीन सरकार की ओर से उन्होंने शोकसंतप्त परिवारों और घायलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।'' केरल के वायनाड जिले में पिछले मंगलवार को हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 219 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं।

### छड़ी मुबारक को श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर :** स्वामी अमरनाथजी की पवित्र छड़ी मुबारक को रविवार को 'हरियाली अमावस्या' के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। दशनामी अखाड़े की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, स्वामी अमरनाथजी यात्रा-2024 के सिलसिले में छड़ी मुबारक को महंत दीपेंद्र गिरि जी के नेतृत्व में आज हरियाली-अमावस्या (श्रावण अमावस्या) के मौके पर सदियों पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना के लिए श्रीनगर में गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। बयान में कहा गया, जम्मू-कश्मीर की शांति एवं समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की गई। 'छड़ी मुबारक' को सोमवार को पुराने श्रीनगर में हरि पर्वत स्थित 'शारिका-भवानी' मंदिर ले जाया जाएगा।

## त्रिपुरा में 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा के विभिन्न हिस्सों से 12 उन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के राज्य में घुस आये थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर, पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ मिलकर शनिवार रात पश्चिम अगरतला पुलिस थाना क्षेत्र के लंकामुरा, जॉयनगर और रामनगर में छापेमारी की और तीन महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। पश्चिम अगरतला पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी कांति वर्धन ने कहा, ''पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया



कि वह बिना वैध दस्तावेजों के बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए थे। उन्हें भारतीय पासपोर्ट अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।'' उन्होंने कहा कि घुसपैठ के बढ़ते मामलों के कारण पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, ''घुसैपठ का मामला संवेदनशील है इसलिए निगरानी बढ़ा दी गई। पुलिस घुसपैठियों को पकड़ने के लिए इस तरह का अभियान जारी रखेगी।''

## हिमाचल प्रदेश : बादल फटने की घटनाओं में मृतकों की संख्या 11 हुई

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में दो और शव मिलने के साथ ही राज्य के तीन जिलों में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इकत्तीस जुलाई की रात में कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाणा, मंडी जिले के पधर और शिमला के रामपुर उपखंड में बादल फटने की कई घटनाओं ने भारी तबाही मचायी थी। इन घटनाओं के बाद अब भी 40 से अधिक लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में पधर के राजभान गांव से सोनम (23) और मानवी (तीन माह) के शव बरामद किये गये हैं। बचाव अभियान अब भी जारी है और लापता लोगों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों, ड्रोन और अन्य उपकरणों की मदद ली जा रही है। अधिकारियों के अनुसार सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), पुलिस और होमगार्ड के 410 कर्मी इस बचाव/खोज अभियान में शामिल हैं। उनके मुताबिक रामपुर उपखंड में सरपारा ग्राम पंचायत के सामेज गांव में 30 से अधिक लोग लापता हैं। बचाव अभियान में और मशीनें लगायी गयी हैं तथा बचाव अभियान जारी है। उपप्रधान (सरपारा) सी एल नेगी ने बताया कि पानी का प्रवाह घट गया है जिसके बाद अब मशीन मौके पर लाई गयी हैं एवं लापता लोगों के मिल जाने की संभावना है।

## विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ने से वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ



**अहमदाबाद :** गुजरात के वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छों के आवासीय इलाकों में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले महीने आवासीय इलाकों में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किलोमीटर हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है। इसमें करीब 300 मगरमच्छ रहते हैं जिसके कारण किनारे के इलाकों में अक्सर इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती हैं। रेंज वन अधिकारी (आरएफओ) करणसिंह राजपूत ने बताया, ''विश्वामित्री नदी के किनारे के आवासीय क्षेत्रों से मगरमच्छों को बचाने का काम पूरे साल चलता रहता है, लेकिन मानसून के दौरान इनकी संख्या काफी बढ़ जाती है। जून में चार मगरमच्छों को बचाया गया और उन्हें वापस नदी में छोड़ दिया गया। जुलाई में यह संख्या बढ़कर 21 हो गई।'' आरएफओ ने बताया कि जुलाई में राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई।

## टीवी अभिनेत्री सना मकबूल ने 'बिगबॉस ओटीटी-तीन' जीतने के बाद अपने प्रशंसकों को धन्यवाद दिया

**मुंबई :** ''बिग बॉस ओटीटी 3'' की विजेता बनीं अभिनेत्री सना मकबूल ने इस लोकप्रिय 'रियलिटी सीरीज' के दौरान अपने प्रशंसकों के प्यार एवं सहयोग को लेकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। सना मकबूल शुक्रवार को ''बिग बॉस'' ओटीटी के तीसरे सीजन की विजेता बनीं। इस शो की मेजबानी बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने की। मकबूल ने ट्रॉफी के साथ 25 लाख से ज्यादा का पुरस्कार जीता है। मकबूल (31) ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''बिग बॉस ओटीटी3 के घर में अपने सफर के दौरान मुझे जो प्यार मिला है, उसके लिए मैं इतनी आभारी हूं



कि उसे शब्दों से बयां नहीं कर सकती। यह आपका अटूट समर्थन है, जिसकी वजह से मैं ट्रॉफी घर ला पायी हूं।'' उन्होंने कहा, ''चाहे मैंने कितनी भी नकारात्मकता का सामना किया हो, आपके प्यार ने हर चीज पर काबू पा लिया। यही वह चीज है जो मैंने वास्तव में अर्जित किया है। मेरे दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद।'' इस बार का सीजन 21 जून को शुरू हुआ था जिसके पहले उपविजेता रैपर नैजी रहे, जबकि अभिनेता रणवीर शौरी तीसरे स्थान पर रहे। टीवी अभिनेता साई केतन राव चौथे स्थान पर रहे, जबकि यूट्यूबर कृतिका मलिक पांचवें स्थान पर रहीं। कृतिका को अन्य प्रतियोगी अरमान मलिक की दूसरी पत्नी के रूप में जाना जाता है।

## संप्रग कार्यकाल से नियम में वायनाड जैसी घटनाओं को 'राष्ट्रीय आपदा' मानने की अवधारणा नहीं: भाजपा

**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विभिन्न तबकों की ओर से वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग को लेकर कहा कि केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों में ऐसी कोई अवधारणा मौजूद नहीं है और इस नीति में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। वरिष्ठ पार्टी नेता वी. मुरलीधरन ने अपने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर 2013 का एक संसदीय दस्तावेज पोस्ट किया, जिसमें तत्कालीन गृह राज्य मंत्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने कहा था कि प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने कहा, केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'राष्ट्रीय आपदा' की अवधारणा मौजूद नहीं है, यह तथ्य संप्रग सरकार के कार्यकाल से ही है। यह बात तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री रामचंद्रन ने छह अगस्त 2013 को लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में स्पष्ट रूप से कही थी। उन्होंने कहा, ''हालांकि किसी भी आपदा को आधिकारिक तौर पर 'राष्ट्रीय आपदा' नहीं कहा गया है, लेकिन प्रत्येक आपदा को उसकी गंभीरता के अनुसार ही समझा जाता है।''

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे आपदा के इस समय में बेवजह विवाद पैदा करने का प्रयास न करें। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को फोन किया था और हरसंभव सहायता की पेशकश की थी। उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि इस आपदा के समय में कोई भी व्यक्ति निराधार विवाद पैदा करने का प्रयास न करे। मुरलीधरन का यह बयान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा वायनाड में हुए भूस्खलन को ''राष्ट्रीय आपदा'' बताने के कुछ दिन बाद आया है। वायनाड से पूर्व सांसद गांधी ने कहा था, मेरे लिए निश्चित रूप से यह घटना एक राष्ट्रीय आपदा है, लेकिन देखते हैं कि सरकार क्या कहती है।

# मप्र शाहपुर हादसा : कई घरों के बुझ गए चिराग

**सागर :** मध्यप्रदेश के शाहपुर में रविवार को हुए हादसे ने कई घरों के चिराग बुझा दिए। करीब 15 बच्चे बारिश के मौसम में मिट्टी से 'पार्थिव शिवलिंग' बनाने में मगन थे। उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि मिट्टी के शिवलिंग बनाते बनाते उनमें से कई खुद मिट्टी में दफन हो जाएंगे। हादसे का शिकार हुए कई बच्चे अपने माता पिता की इकलौती संतान थे। यहां सुबह 8: 30 से नौ बजे के बीच एक मंदिर के पास एक जर्जर मकान की दीवार गिरने से 10-15 आयु वर्ग के नौ बच्चों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। शाहपुर कस्बे के निवासियों की हरदोई मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 'पार्थिव शिवलिंग निर्माण' कार्यक्रम से मिलने वाली खुशियां फीकी पड़



गईं। यह कार्यक्रम 'सावन' महीने का मुख्य कार्यक्रम है। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजकों में से एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, मैं शिवलिंग पर जल चढ़ाने के बाद लौट रहा था तभी एक दीवार गिर गई, जिससे एक तंबू के नीचे मिट्टी के शिवलिंग बना रहे कई बच्चे फंस गए। मैं स्तब्ध रह गया और समझ नहीं पाया कि क्या हो रहा है। जिस कलश में मैंने अर्पण के लिए जल लिया था वह मेरे हाथ से गिर गया। मैं चिल्लाया और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। उसके इस बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। उसने बताया, ''यह कार्यक्रम तीन दिन से चल रहा था और हमें अंदाजा नहीं था कि दीवार इतनी कमजोर है, अन्यथा हम उसके सहारे टैंट कभी नहीं लगाते। लगातार हो रही बारिश ने दीवार की हालत और खराब हो गई थी।'' स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माता-पिता ने रोते हुए बताया कि उनकी भतीजी के हाथ पर लगे घाव पर पट्टी बांधने वाला कोई नहीं है और यहां सुविधाओं की कमी है। माता-पिता ने दावा किया, घायल बच्चों की देखभाल करने वाला अस्पताल में कोई नहीं है। चिकित्सक महीनों तक यहां नहीं आते और अगर आते भी हैं तो सुबह 11 बजे आते हैं और दोपहर तीन बजे तक चले जाते हैं। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एक ही चिकित्सक चलाता है। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति यह दावा करता दिखाई दे रहा है कि यदि चिकित्सक मौजूद होते तो कुछ बच्चों की जान बचायी जा सकती थी। स्थानीय भाजपा विधायक और पूर्व राज्य मंत्री गोपाल भार्गव ने संवाददाताओं को बताया कि हादसे का शिकार हुये बच्चों में कुछ अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। जिलाधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य की अस्पताल ले जाते समय या वहां पहुंचते समय मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान ध्रुव यादव (12), नितेश पटेल (13), आशुतोष प्रजापति (15), प्रिंस साहू (12), पर्व विश्वकर्मा (10), दिव्यांश साहू (12), देव साहू (12), वंश लोधी (10) और हेमंत (10) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# ‘संकटमोचक’ श्रीजेश के दमदार प्रदर्शन से भारत सेमीफाइनल में



**पेरिस :** अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। भारत को छह अगस्त को होने वाले सेमीफाइनल में जर्मनी और अर्जेंटीना के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलना है। तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिये हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह पेरिस ओलंपिक में उनका सातवां गोल था। ब्रिटेन टीम गेंद पर नियंत्रण में भारत पर लगातार भारी रही और 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर उसे वैरिएशन आजमाया लेकिन खाता नहीं खुल सका। अब तक शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय डिफेंस में पहली बार चूक देखी गई और 27वें मिनट में सर्कल पर से गोल के सामने मिली गेंद को मोर्टन ने गोल के भीतर डाला। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिये जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया। ब्रिटेन को तीन मिनट बाद आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पहला और रिबाउंड दोनों शॉट भारतीय डिफेंडरों ने बचाये।

## ऐसी जीत बरसों बाद देखी, मेरे आंसू रूके ही नहीं : धनराज पिल्लै



**नयी दिल्ली :** ‘मेरे आंसू ही नहीं रूक रहे थे, बरसों बाद इतनी अच्छी हॉकी देखी और अब मुझे यकीन हो गया है कि यह टीम 44 साल बाद हमें ओलंपिक का स्वर्ण दिला सकती है’, यह कहना है महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै का। भारतीय टीम ने दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराया तो टीवी के सामने नजरें गड़ाये बैठे धनराज जैसे दिग्गज भी खुशी से उछल पड़े। चार ओलंपिक और चार विश्व कप खेल चुके धनराज ने भाषा से बातचीत में कहा, ‘मेरी आंखों से आंसू अपने आप टपक गए। सिडनी ओलंपिक 2000 के बाद ऐसा मैच पहली बार देखा। श्रीजेश गोलपोस्ट के सामने दीवार की तरह खड़ा था और जितने उसने बचाव किये हैं, वह चमत्कार से कम नहीं।’

## हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में अंपायरिंग पर चिंता व्यक्त की

**पेरिस :** हॉकी इंडिया ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेल 2024 की हॉकी स्पर्धा में अंपायरिंग पर चिंता व्यक्त की। भारत और ब्रिटेन के बीच क्वार्टरफाइनल मैच में अंपायरिंग के कई फैसलों ने परिणाम को प्रभावित किया। इस मैच में अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास को 18वें मिनट में रेडकार्ड मिलने के बाद भारत को लगभग तीन क्वार्टर दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।

## जोकोविच ने अल्काराज को हराकर पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता



**पेरिस :** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को पुरुष टेनिस एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को सीधे सेट में हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। सैंतीस साल के सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के अल्काराज के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में एक और उपलब्धि जोड़ दी। जोकोविच इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्ग में सबसे अधिक हफ्तों तक नंबर एक रैंकिंग पर काबिज रहने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। मौजूदा खेलों में सेमीफाइनल में इटली के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ जीत से पहले जोकोविच ने अपने तीनों ओलंपिक सेमीफाइनल गंवाए थे। जोकोविच 2008 में बीजिंग में रफेल नडाल, 2012 में लंदन में एंडी मरे और तीन साल पहले तोक्यो में एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। इन सभी ने बाद में स्वर्ण पदक जीता। जोकोविच 1908 के बाद से टेनिस में एकल स्वर्ण जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं और उन्होंने स्पेन के 21 वर्षीय अल्काराज को सबसे कम उम्र का स्वर्ण पदक विजेता बनने से रोक दिया।

## मेरा सपना दु:स्वप्न में बदल गया, अन्याय ने मुझे क्रोध और उदासी से भर दिया: निशांत



**पेरिस :** पेरिस ओलंपिक में खंडित फैसले में हार के बाद पदक से वंचित भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने कहा कि ‘अन्याय’ के बाद उनका सपना ‘दु:स्वप्न’ में बदल गया है जिसने उनके दिल को ‘क्रोध और उदासी’ से भर दिया है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता 23 वर्षीय निशांत शनिवार को पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के अपने दूसरे वरीय प्रतिद्वंद्वी मार्को वर्डे अल्वारेज से 1-4 से हार गए। वह हालांकि मुकाबले में हावी दिख रहे थे। निशांत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ‘‘कोई भी वास्तव में नहीं जानता कि मैंने कितनी मेहनत की, इस सपने को साकार करने के लिए मैंने कितने अनगिनत घंटे समर्पित किए और मैंने अपने प्रशिक्षण में कितनी ईमानदारी और सच्चाई दिखाई।

## ओलंपिक पदक जीतने तक संन्यास नहीं लूंगी: दीपिका



**पेरिस :** लगातार चार ओलंपिक में विफल रही कई बार की विश्व कप पदक विजेता तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी और उन्हें लगता है कि चार साल बाद लॉस एंजिलिस में वह ऐसा करने में कामयाब रहेंगी। दीपिका खेलों के सबसे बड़े मंच पर दबाव भरे हालात में विफल रही हैं। उन्होंने यहां ‘इंडिया हाउस’ में पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, ‘निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी।’ उन्होंने कहा, ‘मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेलना नही छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी।’ दीपिका (30 साल) ने कहा, ‘मैं और मजबूती से पेश करूंगी। इसमें कई चीजे हैं जैसे तेजी से निशाना लगाना, मुझे इसके बारे में थोड़ा और जानने की जरूरत है और इसके अनुसार खुद को तैयार करना सबसे महत्वपूर्ण है।’ उन्होंने कहा, ‘मैं ओलंपिक से यही सीखा है कि देर से निशाना लगाना कारगर नहीं होता, आपके पास बड़ी गलतियों की गुंजाइश नहीं होती। आपको इस पर नियंत्रण रखना होता है। मैं यहां से यह सीख लूंगी।’

## वांडरसे की फिरकी में उलझा भारत, श्रीलंका से 32 रन से हारा



**कोलंबो :** श्रीलंका के लेग स्पिनर जेफ्रे वांडरसे (33 रन देकर छह विकेट) की फिरकी में फंसी भारतीय टीम कप्तान रोहित शर्मा (64 रन) के अर्धशतक के बावजूद रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 32 रन से हारकर तीन मैच की श्रृंखला में 0-1 से पिछड़ गई। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे टाई रहा था। वाशिंगटन सुंदर की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंकाई टीम संघर्ष करती दिखी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत नौ विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। स्पिनरों के मुफीद इस पिच पर भारत के लिए यह लक्ष्य पहाड़ सा बन गया और पूरी टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। वांडरसे ने 33 रन देकर छह विकेट और कप्तान चरिथ असालंका ने 20 रन देकर तीन विकेट झटके। 241 रन का टारगेट चेज करते हुए भारत ने 97 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। फिर आए लेग स्पिनर जेफरी वांडरसे ने भारत को बैकफुट पर धकेला। उन्होंने टीम के टॉप-6 बैटर्स को पवेलियन भेजा और स्कोर 147/6 कर दिया। भारत यहां से उभर ही नहीं सका, आखिर में श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने 3 विकेट लिए। एक बैटर रन आउट हुआ और टीम 208 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।भारत से रोहित शर्मा ने 64 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 44, शुभमन गिल ने 35, वॉशिंगटन सुंदर ने 15 और विराट कोहली ने 14 रन बनाए। 2 बैटर्स जीरो पर आउट हुए, बाकी 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके।

## पारुल 3000 मीटर स्टीपलचेज़ हीट रेस में आठवें स्थान पर रही

**पेरिस :** भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी पेरिस ओलंपिक खेलों में रविवार को यहां महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में हीट रेस में आठवें स्थान पर रहने के कारण फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 15.31 सेकंड से काफी पीछे रही जो उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में बनाया था। तीन हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं।

## लवलीना क्वार्टर फाइनल में हारी, मुक्केबाजी में भारतीय चुनौती समाप्त

**पेरिस :** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारकर मौजूदा पेरिस खेलों से बाहर हो गईं। लवलीना को इस कड़े मुकाबले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार क्लिंचिंग और होल्ड करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव के शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे।

## सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य, कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे



**पेरिस :** भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा। लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले गेम में उनके पास तीन गेम प्वाइंट थे लेकिन उन्होंने लगातार पांच अंक गंवाकर गेम भी गंवा दिया।

## विनेश सहित भारतीय पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

**पेरिस :** भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है। ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है। विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है।ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही। विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई। वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है। वह गैर वरीयता प्राप्त है जिसका मतलब है कि उनका सफर आसान नहीं होगा।



## अमारा राजा एनर्जी का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत बढ़कर 249 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** अमारा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी (एआरईएंडएम) का चालू वित्त वर्ष (2024-25) की अप्रैल-जून तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत बढ़कर 249.12 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 198.31 करोड़ रुपये रहा था। अमारा राजा एनर्जी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय जून तिमाही में बढ़कर 3,263.05 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,796.27 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने उत्पाद रेंज का निर्माण जारी रखेगी, नए क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेगी और अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करेगी।

## जोमैटो ने मार्च तक ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन ऑर्डर पर खान-पान का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने इस साल मार्च तक ग्राहकों से मंच शुल्क के रूप में 83 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी की सालाना रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रत्येक ऑर्डर पर मंच शुल्क लेना शुरू किया था। मंच शुल्क को जोमैटो के समायोजित राजस्व को बढ़ाने वाले तीन प्रमुख कारकों में से एक बताया गया है।

# रिकॉर्ड लाभ के बाद सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों के मुनाफे में पहली तिमाही में 90 प्रतिशत तक की गिरावट

**नयी दिल्ली :** रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज करने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों.. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के अप्रैल-जून तिमाही के मुनाफे में 90 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह रसोई गैस (एलपीजी) की लागत से कम दाम पर बिक्री है। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी का अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 81 प्रतिशत घटा है। यह चालू वित्त वित्त की पहली तिमाही में 2,643.18 करोड़ रुपये रहा है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 13,750.44 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। तिमाही आधार पर भी कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। इससे पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 11,570.82 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही के दौरान एचपीसीएल का मुनाफा 90 प्रतिशत घटकर 633.94 करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल-जून, 2023 में यह 6,765.50 करोड़ रुपये और पिछली मार्च तिमाही में 2,709.31 करोड़ रुपये था। बीपीसीएल का शुद्ध लाभ अप्रैल-जून में घटकर 2,841.55 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,644.30 करोड़ रुपये और जनवरी-मार्च तिमाही में 4,789.57 करोड़ रुपये था। तीनों ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बरकरार रखकर अत्यधिक मुनाफा कमाया था। इन कंपनियों का तर्क था कि इससे पिछले साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने दाम नहीं बढ़ाए थे और नुकसान उठाया था। हालांकि, कीमतों को ‘फ्रीज’ करने का लाभ आम चुनाव से पहले पेट्रोल और डीजल के दाम में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती से जाता रहा।

## विशेषज्ञों की राय, रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखेगा रिजर्व बैंक

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बृहस्पतिवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5 प्रतिशत (रेपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास आठ अगस्त (बृहस्पतिवार) को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ‘हमें उम्मीद है कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा। मुद्रास्फीति आज भी 5.1 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है और आने वाले महीनों में इसमें संख्यात्मक रूप से कमी आएगी, लेकिन आधार प्रभाव के कारण यह अधिक बनी रहेगी।’

## पेट्रोल, डीजल कारों की जगह स्वच्छ तकनीक की नीतिगत रूपरेखा का इंतजार: एमएसआई चेयरमैन

**नयी दिल्ली :** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने कहा है कि कंपनी एक ऐसी नीतिगत रूपरेखा का इंतजार कर रही है, जो सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे, जिससे पेट्रोल और डीजल कारों के स्थान पर ऐसी पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले वाहन आ जाएं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की सालाना रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि औद्योगिक वृद्धि के लिए नीतियों में स्थिरता और पूर्वानुमानित कार्य वातावरण की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बुनियादी ढांचे के निर्माण, राजकोषीय विवेक बनाए रखने, मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने, विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने वाले सुधारों को लागू करने और निजी क्षेत्र पर भरोसा करने पर अपना जोर जारी रखेगी। भार्गव ने रिपोर्ट में कहा, कुछ लोगों का मानना है कि आपकी कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में धीमी रही है। हमने राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अधिक विविध दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया और अपने सभी अंडे एक ही टोकरी में नहीं रखना चाहते थे।

## वित्त मंत्रालय ने सरकारी साधारण बीमा कंपनियों से मुनाफे वाले कारोबारों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कम्पनियों से कहा है कि वे सिर्फ आय बढ़ाने पर ध्यान न दें, बल्कि लाभ में सुधार लाने का लक्ष्य भी रखें। सरकार ने हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की तीन साध-ारण बीमा कंपनियों- नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में किस्तों में 7,250 करोड़ रुपये डाले हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम सरकारी साधारण बीमा कंपनियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं और इससे उनमें सुधार आना शुरू हो गया है। इसलिए, हम इस साल उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इन कंपनियों को आगे किसी पूंजी निवेश की आवश्यकता नहीं होगी। यही कारण है कि बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इन तीनों साधारण बीमा कम्पनियों ने अपने वित्तीय प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, ओरिएंटल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2022-23 में 5,000 करोड़ रुपये के नुकसान के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में 18 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है, जबकि नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने अपना घाटा 3,800 करोड़ रुपये से कम करके 187 करोड़ रुपये कर लिया है और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को वित्त वर्ष 2022-23 में 2,800 करोड़ रुपये के नुकसान के मुकाबले पिछले वित्त वर्ष में 800 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

## चाय बोर्ड के अधिकारियों ने उत्तर बंगाल के कई कारखानों का निरीक्षण किया

**कोलकाता :** चाय बोर्ड के अधिकारियों की एक विशेष टीम ने उत्तर बंगाल के कई चाय कारखानों का निरीक्षण किया ताकि वहां चाय की फसल की पत्तियों की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके। चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इन बागानों से कई नमूने एकत्र किए गए हैं और उनकी गुणवत्ता निर्धारित की जाएगी। अधिकारी ने कहा, पिछले कई दिनों से उत्तर बंगाल के विभिन्न चाय कारखानों में बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाया जा रहा है। चाय बोर्ड ने इन कारखानों से नमूने जुटाए हैं और चाय विपणन नियंत्रण आदेश (टीएमसीओ) के प्रावधानों के अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय की जाएगी। भारतीय लघु चाय उत्पादक संघ के महासंघ (सीआईएसटीए) के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा, ‘‘हम उत्तर बंगाल के कई कारखानों के निरीक्षण में चाय बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई का स्वागत करते हैं। हम मांग करते हैं कि इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि यह भविष्य में एक निवारक बन सके।’’ चक्रवर्ती ने कहा कि सीआईएसटीए को पता चला है कि कुछ चाय कारखाने असम से चाय का अपशिष्ट खरीद रहे हैं और उसे कारखानों में उत्पादित हरी पत्तियों के साथ मिला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने चाय बोर्ड को इन कारखानों की इन गड़बड़ियों के बारे में सूचित कर दिया है। नियमों के अनुसार, किसी भी कारखाने के कुल उत्पादन का दो प्रतिशत चाय अपशिष्ट घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अपशिष्ट का उपयोग या तो चाय बनाने या फिर जैविक खाद बनाने में किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यहां तक कि ये लोग चाय अपशिष्ट में कृत्रिम रंग मिलाकर हरी पत्तियों के साथ मिला रहे थे।

वर्ष 9, पूर्णांक 3966 अंक 116, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in